




दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन








वर्ष 52/ अंक 224/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 29 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## पैन-आधार लिंक करने की तारीख बढ़ी, 30 जून तक लिंक करा सकते हैं




नई दिल्ली। सरकार ने पैन-आधार को लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून 2023 कर दी है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने प्रेस रिलीज जारी कर यह जानकारी दी है।

आधार-पैन लिंकिंग की डेडलाइन पहले कई बार बढ़ाई जा चुकी है। सबसे पहली इसकी डेडलाइन 31 मार्च 2022 थी, तब लिंकिंग प्रोसेस फ्री थी। 1 अप्रैल 2022 से 500 रुपए फीस लगाई गई थी और 1 जुलाई 2022 से फीस बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दी गई। पिछले साल जुलाई में संसद में शेयर किए गए सरकारी आंकड़ों के अनुसार 61,73,16,313 (6.17 करोड़) के कुल इंडिविजुअल पैन में से 46,70,66,691 (4.67 करोड़) पैन-आधार लिंक हुए थे। पैन कार्ड इनएक्टिव होने पर ऐसे लोगों को म्यूचुअल फंड या स्टॉक अकाउंट खोलने जैसी चीजों की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा यदि आप इस पैन कार्ड का कहीं भी दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो भारी जुर्माना लग सकता है। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 272 बी के तहत आप पर 10,000 रुपए तक की पेनल्टी लगाई जा सकती है।

### आनलाइन वॉलेट से पेमेंट पर लगेगा चार्ज

अगर आप भी ऑनलाइन पेमेंट के लिए प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) जैसे कि ऑनलाइन वॉलेट या प्री-लोडेड गिफ्ट कार्ड का उपयोग करते हैं तो सतर्क हो जाए क्योंकि 1 अप्रैल से अब आपको प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स से यूपीआई पेमेंट्स करने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। दरअसल भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने 1 अप्रैल से प्रीपेड भुगतान उपकरणों का उपयोग करने पर यूपीआई लेनदेन पर 1.1 प्रतिशत तक का इंटरचेंज चार्ज पेश किया है। यह ऑनलाइन व्यापारियों, बड़े व्यापारियों और छोटे व्यापारियों को किए गए 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान पर लगाया जाएगा। फिलहाल इंटरचेंज चार्ज मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर ही लगाया जा रहा है। बैंक और प्रीपेड वॉलेट के बीच व्यक्ति-से-व्यक्ति लेनदेन या व्यक्ति-से-व्यापारी लेनदेन पर इसे लागू नहीं किया गया है। आप बिना किसी चिंता के यूपीआईपेमेंट कर सकते हैं और कोई एक्स्ट्रा चार्ज भी नहीं देना होगा। पीपीआई के जरिए 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन के लिए 1.1 प्रतिशत का इंटरचेंज चार्ज लगेगा, पेटीएम या गूगल पे जैसे जारीकर्ता को वॉलेट लोडिंग शुल्क के रूप में बैंक को देना होगा। ईंधन, शिक्षा, कृषि और उपयोगिता भुगतान जैसी श्रेणियां में 0.5-0.7 प्रतिशत का इंटरचेंज चार्ज है। इसके अलावा खाद्य दुकानों, विशेष खुदरा दुकानों और ठेकेदारों के लिए ये शुल्क अधिकतम 1.1 है।

## फौजी मेले में सीएम शिवराज ने लगाया निशाना

### हमने पाकिस्तान को घर में मारा, चीनी सैनिकों की गर्दन तोड़कर फेंक दी: चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में फौजी मेले का उद्घाटन करते हुए कहा, चाहे 1965 हो या 1971, पाकिस्तान ने जब-जब जुर्रत की, हमारे सैनिकों ने उसे सबक सिखा दिया। सर्जिकल स्ट्राइक कर हमने पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। चीन के सैनिकों की गर्दन तोड़कर फेंक दी और दुनिया को बता दिया कि भारत किसी से कम नहीं। श्री चौहान ने कहा, हमारी सेना हर चुनौती का जवाब देने में सक्षम है। हमारी सेना धर्म की जय के लिए काम करती है। दुनिया के कल्याण के काम में हम लगते हैं। भोपाल की धरती पर हमारी सेना का स्वागत है। आज शाम तीनों सेनाओं के चीफ, कल रक्षा मंत्री आ जाएंगे। 1 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे। सीएम ने प्रदर्शनी देखने के दौरान निशाना भी लगाया। इस मौके पर एसीएस गृह डा. राजेश राजौरा, भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

भोपाल में आज से फौजी मेले की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री ने भोपाल के एमबीएम कॉलेज ग्राउंड में लगी सेना की एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। आज से 3 दिन तक चलने वाले इस मेले में भारत की तीनों सेनाओं की सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। सीएम ने कहा, भारत का इतिहास



हजारों साल पुराना है। 5 हजार साल से ज्यादा पुराना ज्ञात इतिहास है। इतनी ही पुरानी वीरता और शौर्य हमारा है। आज मुझे गर्व है कि भारत की सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हम अपनी तरफ से किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन अगर किसी ने हमें छेड़ा तो हम छोड़ेंगे नहीं। हमारे सैनिकों ने कारिगल में हजारों फीट ऊंची चोटियों पर चढ़कर दुश्मन का सर्वनाश किया। आजादी के बाद कुछ साल पहले तक 30 हजार जवानों ने शहादत दी है। ष्टरूने कहा, शहीदों की याद में भोपाल में शौर्य स्मारक बनाया। सेना के टैंक और हथियार और मिल जाएं, तो इसे ऐसा सजाएंगे कि एक बार देखने पर पूरा सेना का परिचय हो जाए।

### 1 अप्रैल को आएंगे पीएम मोदी



सेना की ट्राई सर्विस मीट में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अप्रैल को आएंगे। तीनों सेनाओं के प्रमुख आज 29 मार्च को ही पहुंच जाएंगे। 30 मार्च को तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित सैन्य कमांडरों को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान संबोधित करेंगे। इसके अगले दिन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित सैन्य कमांडरों को संबोधित करेंगे। तीनों सेनाओं के प्रमुखों से रणनीतिक मामलों पर भी चर्चा करेंगे।

## कर्नाटक में 10 मई को चुनाव, 13 को नतीजा

### 4 राज्यों की 5 सीटों पर उप-चुनाव का भी ऐलान

कर्नाटक विधानसभा की मौजूदा स्थिति




नई दिल्ली। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव 10 मई को होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि वोटिंग एक चरण में कराई जाएगी। कर्नाटक में 5.21 करोड़ मतदाता हैं, जो 224 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे।

राजीव कुमार ने कहा कि जो लोग 1 अप्रैल को 18 साल के होंगे, वो भी वोट डाल सकेंगे। इसके लिए हमने एडवांस एप्लीकेशन मंगवा ली हैं।

राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार का कार्यकाल 24 मई को खत्म हो रहा है। इस बार मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और छ्वष्ठस् के बीच रहेगा। पिछली बार जेडीएस-कांग्रेस साथ थी, लेकिन इस बार जेडीएस अलग चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा पंजाब और यूपी समेत 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर भी 10 मई को उपचुनाव होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। पंजाब की जालंधर, ओडिशा की झारसुगुड़ा, उत्तर प्रदेश की छानबे और स्वार, मेघालय की सोहियोंग सीट पर उप-चुनाव होंगे। हालांकि, चुनाव आयोग ने राहुल गांधी की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की। उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने कहा, %2023 का चुनाव मेरा आखिरी चुनाव होगा। इसके बाद मैं चुनावी प्रक्रिया से दूर रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह वरुणा सीट के अलावा, कोलार सीट से भी चुनाव लड़ेंगे।

### राहुल की सीट पर नहीं हुआ उपचुनाव का ऐलान



चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक विधानसभा चुनावों का एलान कर दिया। इस दौरान आयोग ने हाल ही में खाली हुई केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनावों का एलान नहीं किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस सीट से सांसद थे। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द हो चुकी है। राहुल ने 2019 में केरल के वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव जीता था। राहुल की सदस्यता जाने के बाद अब वायनाड की सीट खाली हो गई है। हालांकि, पंजाब की जालंधर लोकसभा सीट के साथ ही तीन राज्यों की चार विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की तारीखों का एलान जरूर हुआ।

## लोकसभा 3 अप्रैल तक के लिए स्थगित

### कांग्रेस की बैठक में शामिल होने राहुल गांधी संसद पहुंचे, पार्टी का ब्लैक प्रोटेस्ट जार

नई दिल्ली। संसद में 12वें दिन की कार्यवाही शुरू होते ही स्थगित हो गई। राज्यसभा को 2 बजे तक के लिए स्थगित किया गया है, जबकि लोकसभा पहले 12 बजे तक स्थगित हुई, फिर इसे 3 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर के सामने सेव डेमोक्रेसी के पोस्टर दिखाए और काले कपड़े लहराए।

संसद के सीपीपी हॉल में कांग्रेस ने दोनों सदनों के अपने सांसदों की बैठक बुलाई है। इसमें शामिल होने के लिए राहुल गांधी संसद पहुंचे। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में अपने चैम्बर में विपक्षी पार्टियों की बैठक बुलाई थी। कांग्रेस नेता आज भी काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे हैं।




### खड़गे बोले- पीएम भ्रष्ट हैं, इसलिए भ्रष्टाचारियों को बचा रहे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी खुद भ्रष्ट हैं। वे उन लोगों को कुछ नहीं कह रहे हैं, जिन्होंने इस देश को लूटा। ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जेपीसी का गठन नहीं किया जा रहा है। तो क्या पीएम ने भ्रष्ट लोगों के साथ हाथ मिला लिया है? खड़गे ने कहा कि कर्नाटक में 40 प्रतिशत की सरकार है और भाजपा को इसमें महारत हासिल है। उन विधायकों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया जिनके यहां से 8-10 करोड़ रुपए बरामद किए गए। यहां अगर विपक्ष के किसी नेता के घर से पैसा मिल जाए तो भाजपा उसे बहुत बड़ा मुद्दा बना लेती है। भाजपा ईडी को बुला लेती है।

### टीएमसी ने संसद में धरना दिया, कांग्रेस ने विपक्ष की बैठक बुलाई

तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने संसद में आंबेडकर की मूर्ति के सामने 'सेव डेमोक्रेसी, फेडरलिज्म एंड पार्लियामेंट' के बैनर और पोस्टर थामे हुए धरना दिया। वहीं, ममता बनर्जी कोलकाता में केंद्र के खिलाफ धरना दे रही हैं।

### अश्विनी वैष्णव बोले- घमंड के चलते राहुल की सांसदी गई

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी अपने घमंड की वजह से डिस्क्वालिफाई हुए हैं। उन्हें लगता है कि वे एक खास परिवार में पैदा हुए हैं तो इस देश पर राज करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी वजह से उनके दिमाग में ऐसे गलत खयाल आते हैं।

### राहुल की सजा पर नीतीश चुप

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर कुछ भी बोलने से इनकार किया, हालांकि उन्होंने उपेंद्र कुशवाहा और सम्राट चौधरी के सवाल पर उनका भूतकाल याद दिलाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम नहीं लिया, लेकिन दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यवहार के बहाने वर्तमान पीएम पर कटाक्ष जरूर किया। नीतीश ने नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी एकता में कांग्रेस की ओर से देरी की बात कहकर अपना दर्द भी साझा किया

## डोकलाम विवाद पर भूटान के पीएम का बदला रुख




नई दिल्ली। पड़ोसी देश भूटान के प्रधानमंत्री लोते थेरिंग ने डोकलाम इलाके के विवाद को तीन देशों का विवाद करार दिया है। उनका कहना है कि डोकलाम विवाद को भारत, चीन और भूटान को मिलकर सुलझाना चाहिए, क्योंकि इस विवाद में तीनों ही देश बराबर के जिम्मेदार और हिस्सेदार हैं। 6 साल पहले डोकलाम इलाके में ही भारत और चीन के बीच सीमा विवाद हुआ था और महीनों तक दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने खड़े रहे थे। बहरहाल, थेरिंग का बयान भारत के उस स्टैंड से उलट है, जिसमें वो डोकलाम को भारत और भूटान के बीच का मसला मानता है। खुद थेरिंग भी पहले यही कहते रहे हैं, हालांकि अब उनका रुख भारत के लिए चिंता का कारण बन सकता है। इंटरव्यू में थेरिंग ने कहा- डोकलाम मसले का हल सिर्फ भूटान नहीं निकाल सकता। इस मामले से तीन देश जुड़े हैं। और इस मामले में किसी भी देश को छोटा नहीं माना जा सकता। सब बराबर के हिस्सेदार हैं।

## एनएसए की बैठक में गरजे डोभाल



नई दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक दिल्ली में आयोजित हो रही है। आज शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक हो रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए कई देशों के एनएसए भारत आए हुए हैं। भारत की तरफ से ग्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल हुए हैं। बैठक के दौरान अपने संबोधन में अजीत डोवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा और उसमें चाबहार बंदरगाह को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत जून 2017 में शंघाई सहयोग संगठन का सदस्य बना था लेकिन इसके सदस्यों देशों से हमारे संबंध कई सदी पुराने हैं। दिल्ली में आयोजित हो रही बैठक में चीन और पाकिस्तान के प्रतिनिधि नहीं पहुंचे और दोनों देशों के प्रतिनिधि वर्चुअली बैठक से जुड़े हैं। एससीओ की मुख्य बैठक गोवा में होनी है। उससे पहले 27-29 अप्रैल तक शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक होगी।

## लक्षद्वीप सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता बहाल



**नई दिल्ली।** लोकसभा ने लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता बहाल कर दी है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से ठीक पहले आया। लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि केरल हाईकोर्ट ने 25 जनवरी को उनकी सजा पर रोक लगा दी थी, इसलिए लोकसभा में फैजल की अयोग्यता खत्म हो गई है। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब लोकसभा से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने का मुद्दा गर्म है। सूरत हाईकोर्ट ने मानहानि के एक केस में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद लोकसभा सचिवालय ने लोकसभा से उनकी सदस्यता खत्म कर दी।

## पत्नी और बेटी की हत्या कर अपने पेट में घोंपा चाकू

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम टंकारिया में एक व्यक्ति ने बुधवार सुबह अपनी पत्नी व नाबालिग पुत्री को चाकू मार दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण ने खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए जिला अस्पाल लाया गया। नरवर थाना प्रभारी संजय मंडलोई ने बताया कि ग्राम टंकारिया निवासी ओंकार पुत्र भागीरथ नरवरिया उम्र 50 वर्ष ने बुधवार सुबह अपनी पत्नी ताराबाई उम्र 45 वर्ष तथा पुत्री रवीना उम्र 15 वर्ष को चाकू मार दिए। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पत्नी व बेटी की हत्या करने के बाद ओंकार ने खुद को भी चाकू मार लिए। पेट में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## इंदौर के 3 स्टार होटल में भीषण आग



इंदौर। इंदौर के एक होटल में भीषण आग लग गई। घटना महू गांव थाना क्षेत्र की है। यहां थ्री स्टार पपाया ट्री होटल में आज सुबह 8 बजे आग लगी। होटल में कई लोग रुके हुए हैं। सभी को लोहे की सीढ़ी की मदद से खिड़की के रास्ते नीचे उतारा गया। मौके पर पहुंची तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 45 मिनट में आग पर काबू पा लिया।

## उनके दिलों में गोडसे, गांधी तो मजबूरी हैं: तुषार गांधी

### राहुल को माफी नहीं मांगनी चाहिए, देश को नफरत से बचाना होगा



नई दिल्ली। गांधी फिर विवादों में हैं। राहुल गांधी के साथ महात्मा गांधी भी। राहुल गांधी इसलिए चर्चा में हैं कि उनकी संसद सदस्यता नहीं रही, इससे उनका सियासी करियर लंबे वक्त के लिए रुक सकता है। महात्मा गांधी के चर्चा में रहने की वजह उनकी डिग्री है। 23 मार्च 2023 को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक कार्यक्रम में दावा किया कि महात्मा गांधी के पास लॉ की डिग्री नहीं थी। उनके पास सिर्फ हाईस्कूल का एक डिप्लोमा था।

एक अखबार से साक्षात्कार के दौरान तुषार से पूछा गया- राहुल गांधी ने कोर्ट में माफी नहीं मांगी, उन्हें सजा हो गई, सांसदी चली गई। राहुल ने कहा, मैं सावरकर नहीं, गांधी हूं और गांधी माफी नहीं मांगते। क्या माफी मांगकर संसद में रहना ज्यादा बेहतर नहीं होता? इस पर तुषार गांधी ने कहा- नहीं, अगर वे माफी मांगते तो साबित होता कि उन्होंने जो कहा था, वह सच नहीं था। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने जो भी कहा था, उसमें किसी के लिए घृणा थी। भाजपा उस बयान को जातिवादी रंग देना चाहती है। राहुल के बयान में किसी जाति का अपमान या उस पर अटैक करने की मंशा नहीं थी। उन्होंने इंडिविजुअल्स को सिंगल आउट करके कहा था। पूरी दुनिया जानती है कि जिनके बारे में बात की गई थी, उन्होंने क्या किया है। उन्होंने कहा कि अगर राहुल बड़ी अदालत में दोषी साबित हो जाएं, तो भी मुझे लगता है कि उन्हें माफी नहीं मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे सावरकर नहीं है, गांधी हैं, और गांधी माफी नहीं मांगते। ये तो ऐतिहासिक तथ्य है कि सावरकर ने माफी मांगकर अपनी रिहाई करवाई थी। ये ऐसी मनगढ़ंत बात नहीं है, जैसे कहा जा रहा है कि बापू के पास डिग्री नहीं थी।

## पुणे से भाजपा सांसद गिरीश बापट का निधन



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे से भाजपा सांसद गिरीश बापट का निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी पुणे भाजपपा अध्यक्ष जगदीश मलिक ने दी। बापट को दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया था कि उनकी हालत गंभीर है और उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है।

# माता को भेंट की 221मीटर की चुनरी

भोपाल। विराट श्री मानव सेवा संगठन द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया । यह यात्रा हजारों माता बहनों की उपस्थिति में बेहटा गांव स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमे सभी श्रद्धालु नाचते गाते माता के जयकारे लगाते हुए काली मंदिर तक पहुंचे जहां माता को चुनरी भेंट की ड्डद्व महाआरती का आयोजन हुआ । इस अवसर पर संस्था के संरक्षक हुजूर विधायक माननीय रामेश्वर शर्मा जी, संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल , संस्था के अध्यक्ष रामू केवट, प्रदीप मेवाडा, विकास मारण कमल विधानी , बबलू चावला, प्रवीण प्रेमचंदानी, मिक्की दास, मनीष बागवानी, निलेश हिंगोरानी, सुमित आहूजा , पंचायत के उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी,शेट्टी चंदनानी,उमेश नागर,मनोज शेरबग्गन,सचिन रजक, गुड्डू मेहरा मोर्कल जी, लीला राजपूत, भारती मूलचंदानी,मधुरानी मेहर, रीना पोद्दार सहित हजारों की संख्या में माता बहने ड्डद्व साथी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



# भानपुर श्रीराम मंदिर से निकली भव्य चुनरी यात्रा



**भोपाल।** भाजपा युवा मोर्चा भानपुर मंडल महामंत्री, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष अभिषेक माली के नेतृत्व में एवं वार्ड-72 के पार्षद, जोन-16 के अध्यक्ष, समिति के संरक्षक विकास पटेल, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, वार्ड-73 के पार्षद राजू राठौर, भानपुर मंडल अध्यक्ष नीलेश गौर, समाजसेवी प्रकाश पटेल के उपस्थिति में भानपुर श्रीराम मंदिर प्रांगण से भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई तथा भानपुर गांव माता की मढ़िया पर पूजा, आरती कर सबको साबूदाने की खीर वितरण की गई । बालिस्ता रावत, विकास पटेल, राजू राठौर, नीलेश गौर, प्रकाश पटेल ने सबकी मनोकामना पूर्ण करने की माता रानी से प्रार्थना की । अभिषेक माली ने चुनरी यात्रा को भव्य तथा सफल बनाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया । र्यक्रम में पूनम प्रजापति, सुबोध साहू, गायत्री गायकवाड़, भागवती पटेल, मुकेश ठाकुर, रविशंकर लोधी, भगवान दास गंगेले, विवेक चौरसिया, अंकित पटेल, कैलाश सोनी, राहुल कुचबंदिया, अनिल राजपूत, अमन ठाकुर, कमलेश गंगेले, चन्द्र प्रकाश गौर, शुभम कोरी, पूरन माली, राजेश लोधी, घनश्याम पटेल, रामसखी लोधी, राजकुमारी परिहार, शेखर गौर, छोटू कुशवाहा, पप्पू सूर्यवंशी, विजय मेहता, विवेक साहू, मोहन साहू, अभय यादव, आकाश सूर्यवंशी, विकास रैकवार, रवि जैन, बीपी तिवारी, रवि कुशवाहा, चंद्रशेखर भावसार एवं अनेकों कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे ।

# जवाहर बाल भवन के संविदा कर्मचारियों को हटाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

म प्र शासन महिला बाल विकास विभाग केअंतर्गत संचालित संभागीय बाल भवनों में संविदा आधार पर अनुदेशक नियुक्त कर संगीत नृत्य अभिनय खेल कंप्युटर का प्रशिक्षण दिया जाता है । इन संविदा कर्मियों द्वारा मात्र रू 9961प्रतिमाह मासिक वेतन पर अपनी सेवाऐं दी जा रही हैं

संचालक महिला बाल विकास विभाग भोपाल द्वारा 8 दिसंबर 2022 को इन संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश देते हुए नये सिरे से नियुक्ती की कारवाई करने के आदेश 8 दिसंबर 2022 को जारी किए थे संविदा कर्मचारियों ने इस संबंध मे ऊच्च न्यायालय म प्र जबलपुर में याचिका दायर की । वकीलों की हड़ताल के चलते हाईकोर्ट न्यायालय के समक्ष याचिका कर्ता संविदा कर्मचारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने ने अपना पक्ष रखा कि हम विगत 2012 से लगातार संविदा पर महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल भवन में अनुदेशक शिक्षक संगतकार आदि पदों पर अपनी सेवाएं दे गए थे हमने अपना काम निष्ठा एवं समर्पण भाव से काम किया हम आगे आदेश में उल्लेख था कि प्रतिवर्ष आपकी सेवाएं को देखते हुए इनका नवीनीकरण किया जाएगा लेकिन 5 जून 2018 की संविदा नीति जो कि मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की थी उसके तहत हमने अपने वेतन और भत्तों की मांग की जिसको लेकर फाइल आगे बढ़ी जब संचालक के पास पहुंची तो उन्होंने मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग 5 जून 2028 की संविदा नीति के तहत 90 परसेंट वेतन और अन्य सुविधाएं देने की बजाय उस नस्ती पर या उल्लेख कर दिया कि इनकी सेवाएं 31 मार्च को समाप्त करते हुए नई भर्ती कर ली जाए ।म प्र शासन दायर की प्रकरण की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश संजय द्विवेदी की एकल पीठ ने संचालक महिला बाल विकास विभाग के आदेश को स्थगित करते हुए सात दिन मे जवाब मांगा है । स्मरण हो कि म प्र मे अधिवक्ताओं की हडताल चल रही है। पक्षकार सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय मे सुनवाई के दौरान हम लोग स्वयं उपस्थित हुए न्यायालय ने हमारा पक्ष सुनते हुए उपरोक्त स्थगन आदेश जारी किए हैं हम समस्त कर्मचारी लगभग चौदह वर्ष से पूरे प्रदेश के बाल भवनों मे कार्य कर रहे हैं। मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौड़ एवंश्री सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि हमे मप्रशासन द्वारा5जून2018के आदेश के अनुसार रेगुलर वेतनमान का नब्बे प्रतिशत भी नही दिया जा रहा है जबकि पर्यवेक्षकों को यह दिया जा रहा है सुनील श्रीवास्तव के अनुसार अब हम उम्र के उस पडाव पर पहुंच गये हैं कि नोकरी के लिए कही अप्लाई नही कर सकते सिवाय मजदूरी करने के प्रकरण मे अधिवक्ता सुधा पंडित एवं श्रेयस पंडित हैं।

# संस्कार स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, बच्चों को दिए पुरस्कार



**संत हिरदाराम नगर।** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर रिटा. कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव उपस्थित थे।

इस वर्ष संस्कार स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि बच्चों और अभिभावकों सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जो मेहनत की है उसका परिणाम सामने आया है। सुशील वासवानी ने सभी अभिभावकों को एवं शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है कि आज विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिससे बच्चों में नई प्रेरणा जाग्रत होगी और वो आगे जाकर अपने विद्यालय का, राष्ट्र का और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, रिटा. कर्नल नारायण पारवानी ने भी संबोधित किया।

# भाजपा युवा मोर्चा भानपुर मंडल ने निकाली वाहन रैली



**भोपाल।** प्रदेश में भाजपा सरकार के सफलतम 3 वर्ष पूर्ण होने पर युवा मोर्चा भानपुर मंडल अध्यक्ष राहुल कूचबंदिया युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अभय यादव के नेतृत्व में विहन रैली निकाली गई । जिसमे मुख्य रुप से भाजपा भानपुर मंडल अध्यक्षनीलेश गौर,युवा मोर्चा मंडल प्रभारी विवेक चौरासिया,ज़ोन अध्यक्ष विकास पटेल जी,पार्षद राजू राठौर विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू एवं युवा मोर्चा के युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी आकाश सूर्यवंशी गौरव साहू विकास सुमित समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# ख्याति प्राप्त कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर 2 अप्रैल को भोपाल में

**भोपाल ।** भारत की गौरवमयी सांस्कृतिक परंपरा के ध्वजवाहक श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के मुखारविंद से राजधानी के टीटी नगर दशहरा मैदान में 2 से 8 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा की जाएगी। भारत की सनातन संस्कृति एवं युवाओं के उत्थान के लिए श्री ठाकुर जी द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं जैसे कि तुलसी की कंठीमाला, हाथ में कलावा आदि के माध्यम से युवाओं एवं परिवारों में सभी सदस्यों के प्रेरक बने हुए हैं, श्री ठाकुर जी महाराज आज देश में अनेक कथाकारों के प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। श्री ठाकुर जी महाराज दो दर्जन से अधिक देशों में अपनी ओजस्वी वाणी से कथा कर चुके हैं, आगामी मई 2023 में पुन: विदेश में कथा वाचन हेतु जा रहे हैं, महाराज जी ने वृन्दावन में प्रियकांत जू मंदिर की स्थापना 2016 में की हैं, जो कि वृन्दावन के प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक हैं। श्री महाराज जी द्वारा 125 अनाथ बच्चियों का विवाह कराया गया हैं एवं उनकी पढाई का खर्च भी उठाया जा रहा हैं गौमाता की सेवा, अनाथ अश्राम एवं वृधाश्राम के माध्यम से श्री महाराज जी लगातार सेवा कार्य में सतत लगे हुए है। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के संयोजक प्रदेश भाजपा के मंत्री राहुल कोठारी ने मंगलवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री ठाकुर पुराण, श्रीमद् भागवत और गीता के अध्येता है साथ ही कथावाचक, गायक और आध्यात्मिक गुरु हैं।

# सेंट्रल स्कूल में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 17 अप्रैल तक

**भोपाल ।** केन्द्रीय विद्यालय में सत्र 2023-24 में कक्षा-1 में प्रवेश के लिए सोमवार से आनलाइन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। ये आवेदन 17 अप्रैल को शाम 7 बजे तक वेबसाई अथवा मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन किए जा सकते हैं। ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि के उपरांत सूची 20 अप्रैल को जारी की जाएगी तथा 21 अप्रैल को प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# मिसरोद थाना पुलिस ने दो नकबजनों को किया गिरफ्तार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




थाना मिसरोद, भोपाल में जारा टायर पंचर की दुकान पर चोरी की गई और कम्प्रेशर मशीन, कार की स्टेपनी, नए टायर ट्यूब, कार और मोटर साइकिल के सामान भी चुराया गया। दूसरी घटना में, चौहान टी स्टाल गुमटी से भी चोरी की गई और दो भारत गैस कंपनी के कमर्शियल सिलेंडर, दो स्टील की भट्टी और दुकान के अन्य सामान भी चुराया गया। दोनों अपराधों की जांच थाना मिसरोद द्वारा की जा रही है और अपराध क्रमांक 115/23 धारा 457,380 और अपराध क्रमांक 114/23 धारा 461 भादवि के तहत कार्रवाई की जाएगी।

थाना मिसरोद में 26 मार्च 23 को चौहान टी स्टाल गुमटी मैपल माल के पास मिसरोद भोपाल में अज्ञात चोर ने गुमटी का ताला तोड़कर गुमटी में रखा दो भारत गैस कंपनी के कमर्शियल सिलेंडर, दो स्टील की भट्टी और दुकान के अन्य सामानों को चुरा लिया गया था। इस घटना की सूचना पर थाने में अपराध क्रमांक 114/23 धारा 461 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना को रिपोर्ट करने के बाद, उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत एक टीम भेजी जो थाना मिसरोद घटना स्थल के आस-पास के कैमरों को चेक करने तथा तकनीकी संसाधनों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। आस-पास के दुकानदारों से सूक्ष्मता से पूछताछ की गई और मामुर मुखबिर पाबंद किए गए। मुखबिर ने सूचना दी कि दिनांक 26.03.23 को रात्रि के समय जारा टायर एवं चौहान टी स्टाल की दुकान चोरी के घटना के सीसीटीव्ही फुटेज में संदेही संजय नगर मिसरोद में लोडिंग आटो में अपने साथी के साथ बैठा हुआ था। इस सूचना के आधार पर, वरिष्ठ अधिकारियों ने उपयुक्त कार्रवाई के लिए निर्देश दिए जो इस मामले की जाँच तथा संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए जारी होगी।

**पुलिस ने चोरी करने वालों को गिरफ्तार किया:** पुलिस द्वारा संदेही व्यक्ति के खिलाफ की गई। संदेह है कि अजय, बलराम अहिरवार नाम के व्यक्ति ने चोरी की हो सकती है। पुलिस टीम ने उसे घेरा बंद किया और उससे पूछताछ की। यह घटना मशरूका के साथ चोरी के अपराध से जुड़ी थी जो कि पुलिस द्वारा जब्त किया गया था। अजय, बलराम अहिरवार ने पुलिस को धोखा देते हुए उनसे बात नहीं की और अपना नाम बताने के बजाय घुमाफिरा दिया। पुलिस ने इस बात का पता लगाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर थाने ले जाया और उन्हें जिला न्यायालय में पेश किया गया।



प्रांतीय कुशवाहा समाज कार्यालय में महान सम्राट अशोक की जयंती कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुशवाहा के नेतृत्व में सम्राट अशोक को उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर सुनील कुशवाहा गोपाल सिंह कुशवाहा मोहन कुशवाहा नवल सिंह कुशवाहा कैलाश कुशवाहा पवन कुशवाहा सोनू कुशवाहा सहित अनेक समाज के लोग उपस्थित थे।

## महापौर ने की हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने महापौर हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सीवेज से संबंधित शिकायतें अधिक संख्या में लंबित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए महापौर हेल्पलाइन पर प्राप्त नागरिकों की शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिये साथ ही सीवेज प्रकोष्ठ के प्रभारी को जोन स्तर पर सीवेज सफाई हेतु गठित दलो की जानकारी के साथ समक्ष में उपस्थित होने के निर्देश दूरभाष पर दिये। महापौर श्रीमती राय ने शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर चर्चा करते हुए शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायतों/समस्याओं के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर महापौर श्रीमती राय के प्रति आभार व्यक्त

# हनुमान चालीसा, कन्याभोज और पुर्णाहुति के साथ भागवत कथा का समापन





भोपाल। 卐जब भगवान कृष्ण ने खुद ही सुदामा के हाथों से पोटली ले ली और चावल खाने लगे, जैसे ही कृष्ण ने एक मुट्ठी चावल खाये तो इसके बदले उन्होंने सुदामा को एक लोक की संपत्ति दे दी। इसके बाद कृष्ण ने दूसरी मुट्ठी चावल खाकर सुदामा को दो लोक की संपत्ति दे दी, दो मित्रों के बीच का ऐसा स्नेह रुक्मिणी के लिए भी अचंभित करने वाला था। चिंतित रुक्मिणी ने ज्यों ही देखा कि वासुदेव कृष्ण तीसरी मुट्ठी चावल खाने वाले हैं, रुक्मणि उन्हें रोकते हुए बोली- प्रभु! यदि आप तीनों लोक की संपत्ति इन्हें दे देंगे तो अन्य सब जीव और देवता कहां जाएंगे? रुक्मणि की बात सुनकर भगवान कृष्ण रुक गए और बोले कि मेरे मित्र की भेंट के आगे ये सब सुख ऐश्वर्य और ब्रह्मांड तुच्छ है। भगवान श्री कृष्ण और सुदामा चरित्र का भावुक वर्णन मंगलवार को आदमपुर छावनी में चल रही भागवत कथा में भक्तों ने सुना। कथा विश्राम के अवसर पर व्यासपीठ से संबोधित करते हुए राधिका किशोरी ने भागवत पुराण की महिमा का वर्णन किया।

इस अवसर पर कथा संयोजक और पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा ने कहा कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, सत्संग हमे सदमार्ग पर ले जाते हैं। हुजूर विधानसभा में चल रहे 51000 हनुमान चालीसा पाठ के संकल्प के अंतर्गत भागवत कथा में प्रतिदिन 501 हनुमान चालीसा पाठ किये गए। विष्णु विश्वकर्मा ने कहा कि बच्चों को संस्कारी बनाने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने कहा कि कलयुग में हनुमानजी की कृपा अत्यंत आवश्यक है। कथा के अंतिम दिन हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ हवन पुर्णाहुति के साथ कन्याभोज का आयोजन किया गया।

# कमला पार्क से संत हिरदाराम नगर तक 8 लेन होगा वीआईपी मार्ग

## भोजताल पर रोप-वे और केबल कार की संभावनाओं का परीक्षण करें : शिवराज सिंह



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सड़कों की मरम्मत और संधारण कार्यों में विलंब नहीं होना चाहिए। संबंधित एजेंसियाँ इसके लिए समय-सीमा में कार्य पूरे करें। मुख्यमंत्री चौहान ने निर्देश दिए कि भोपाल की बड़ी झील (भोज ताल) पर रोप-वे और केबल कार संचालन की संभावनाओं का अध्ययन और परीक्षण करें। इससे यातायात के दबाव को कम करने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री चौहान आज मंत्रालय में म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड के संचालक मंडल की 43वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

संचालक मंडल द्वारा कमला पार्क से संत हिरदाराम नगर (भोपाल-इंदौर मार्ग) तक वीआईपी मार्ग सहित 8 लेन में सड़क निर्माण, हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल में सड़कों के निर्माण और नवीन परियोजनाओं के अमल के लिए ऑफ बजट संसाधनों के उपयोग एवं बांड द्वारा इसे किए जाने की मंजूरी दी गई। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन्फ्रा स्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट अंतर्गत जनोपयोगी कार्यों के संपादन की पहल हुई है। इस दिशा में विभिन्न नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भी ऑफ बजट संसाधनों के उपयोग पर चर्चा हुई। निगम के मार्गों पर उपभोक्ता शुल्क संग्रहण का कार्य महिला स्व-सहायता समूहों से कराए जाने की स्वीकृति भी दी गई।

# लाड़ली बहना योजना में 4 दिनों में 11 लाख पंजीयन, मुख्यमंत्री ने की जिलेवार समीक्षा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अत्यंत महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का कार्य प्रारंभ हो गया है। बीते चार दिनों में लगभग 11 लाख पंजीयन हो चुके हैं। जिन जिलों में योजना के आवेदन भरे जाने की प्रगति अच्छी है उनको मैं बधाई देता हूँ। मंदसौर, बुरहानपुर, उज्जैन, सीहोर और बालाघाट जिले में प्रगति अच्छी है। सिंगरौली, सतना, पन्ना, गुना और मुरैना जिले में स्थिति ठीक नहीं है, ऐसे अन्य जिलों में भी ध्यान देकर आवेदन भरवाने का कार्य किया जाये। मुख्यमंत्री चौहान निवास कार्यालय समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की वर्चुअली समीक्षा कर रहे थे। प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रीगण, सांसद, विधायक तथा जिलों के कलेक्टर्स वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री चौहान ने कम प्रगति वाले जिलों के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना में आवेदन भरवाये जाने का कार्य गंभीरतापूर्वक किया जाये।

उन्होंने सिंगरौली और गुना जिले के कलेक्टर्स को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में प्रगति कम है, वे जिले समस्याओं का समाधान कर प्रगति बढ़ायें। प्रदेश की अति महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैं इस योजना की 3 दिन बाद फिर से समीक्षा करूँगा। योजना के क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही करने की हिदायत भी दी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हर गांव और वार्ड में आवेदन भराये जाना प्रारंभ कर दिये जाये। अभी 4931 ग्राम पंचायत और 807 नगरीय वार्ड में आवेदन भराये जाने की प्रगति शून्य है, जो चिंताजनक है। इन क्षेत्रों में प्रगति बढ़ायी जाये। उन्होंने कहा कि बहनों के आवेदन बिना कोई असुविधा के भराये जायेंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने अच्छी प्रगति वाले जिलों के कलेक्टर्स से भी जानकारी ली। उन्होंने मंदसौर, बुरहानपुर, उज्जैन, सीहोर और बालाघाट के कलेक्टर्स को बधाई देते हुए कहा कि अन्य जिलों के अधिकारी भी अच्छी प्रगति वाले जिलों से प्रेरणा लें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएँ इस योजना में सहयोग करें। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों से कहा कि सब मिल कर योजना के क्रियान्वयन में लग जायें। ई-केवायसी मित्र बना कर भी सहयोग लिया जाये। शिविर का प्रचार-प्रसार कर आवेदन भरवाये जायें।

# फसल नुकसानी का सर्वे कराकर किसानों को तत्काल मुआवजा दे सरकार: कुणाल चौधरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसान और किसानी को पिछले 10 साल में बदहाली की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। किसानों की गेहूं, सोयाबीन की फसलों में जहां प्रति हेक्टेयर उत्पादन में कमी आयी है, वहीं उनकी लागत में वृद्धि हुई है। इस सरकार ने मंडी-बाजार को बड़े औद्योगिक घरानों के हाथों की कठपुतली बना दिया है। बड़े उद्योगपतियों द्वारा किसानों का गेहू 1900-2100 में खरीद कर



स्टॉक कर लिया जाता है और बाद में उसे 3200 में बैचा जाता हैं और सरकार मूकदर्शक बनकर इन उद्योगपतियों की कालाबाजार को अंजाम दिलाकर किसानों पर पीछे से बार करती है। कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने पत्रकार वार्ता में यह बात कही। विधायक कुणाल चौधरी ने बताया कि एसएक्यू के नाम पर उपार्जन बंद कर किसानों के साथ ज्यादती की जा रही है। मिट्टी खरीदने की बात करने वाली सरकार गेहूं नहीं खरीद पा रही है। जिन किसानों को नेनो यूरिया की आवश्यकता नहीं है, उन्हें भी जबरदस्ती यूरिया के साथ नेनो यूरिया दिया जा रहा है। निजी कंपनियों से सांठगांठ के कारण जो किसान को मजबूरी में खरीदना पड़ रहा है।

चौधरी ने कहा कि औघोगिक घरानों के इशारे पर हाल ही में सरकार के भारतीय खाद्य निगम ने 50 लाख मैट्रिक टन गेहूं बाजार में 1900-2100 रू. के बीच बेचकर गेहूं के मार्केट को एकदम नीचे लाकर खड़ा कर दिया। जब किसानों का मंडी में गेहूं लाने का समय होता है, सरकार अपने अंतिम अवशेष गेहूं को बाजार में फैंक कर भाव को कम कर देती है, जिससे किसानों को फसल का उचित मूल्य न मिल पाये, जिसका सीधा फायदा औद्योगिक घरानों को होता है। पिछले 10 सालों में किसानी के नाम पर 50000 करोड़ के घोटाले जांच में आए हैं जिसकी लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू में शिकायतें पंजीबद्ध है। भावांतर घोटाला, बलराम तालाब घोटाला, किसान भ्रमण घोटाला, किसान अनुदान घोटाला, मंडी बोर्ड अनुज्ञा पत्र घोटाला, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, कीटनाशक दर, मशीनीकरण, अमानक बीज, उद्यानिकी फसल और खाद घोटाला जैसे अनेकों घोटालों का कीर्तिमान भाजपा सरकार ने स्थापित कर प्रदेश के किसानों की छाती पर मूंग दलने का काम किया है।

चौधरी ने कहा कि जहां एक और किसान की रोटी मिट्टी में मिल गई और सरकार पीएक्यू नापने में लगी हुई है, हाथ में एक दाना तक नहीं लगा और सरकार किसानों से कर्ज लौटाने की बात कर रही है, किसान फसल के लिए लाइन में खड़ा है, खरीदी केंद्र बंद दिये गये, किसान की मेहनत पानी में बह गई और सरकार बिजली के बिल घरों में पहुंचा रही है, उनकी जेब में फूटी कौड़ी नहीं है और उनके ट्रैक्टर मोटर साइकिल फ्रिज कूलर बर्तन आदि उठाकर ले रही है। किसानों की बात करने वाली यह कैसी किसान हितैषी सरकार है?

चौधरी ने कहा कि शिवराज जी, कैसा और कौन सा सर्वे कराया, न ही मिट्टी खरीदी और न ही गेहू खरीदने की कोई योजना है, आखिर क्यों फसल बीमा कंपनी के नंबर बंद कर दिये गये? फिर क्यों चिल्ला-चिल्लाकर झूठ बोलते हो मुख्यमंत्री जी, किसानों को प्राकृतिक आपदा की सजा मत दो, आप भी किसान के बेटे हैं, उनकी हाय मत लो। चौधरी ने कहा कि जहां एक और किसान अपनी फसल की बर्बादी पर आंसू बहा रहा था, वहीं होली पर शिवराज गुलाल उड़ा रहे थे, रंगपंचमी पर उत्सव के ढोल पीट रहे थे, किसान फसल को मिट्टी में मिलते देख अपनी मेहनत पर मातम मना रहा था। आखिर जिस किसान की बेटी की शादी तय हो गई उसके घर में उसे देने के लिए पांच बर्तन कैसे आयेंगे, किसान अपने बूढ़े माता-पिता का इलाज कैसे करायेगा, बच्चों को कैसे स्कूल भेजेगा। भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर हो गई है।

## चेंटीखेड़ा, दौरी और बहुती नहर परियोजना को मिली स्वीकृति

**भोपाल।** जल संसाधन विभाग की चेंटीखेड़ा, दौरी और बहुती नहर परियोजनाओं को मंगलवार को स्वीकृति मिल गई। वहीं वृहद परियोजना नियंत्रण मण्डल की 119वीं बैठक में दौरी सागर मध्यम् परियोजना और बहुती नहर परियोजना का शेष निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान की गई। चेंटीखेड़ा वृहद सिंचाई परियोजना को मंत्री परिषद की बैठक में मंजूर किया गया। परियोजनाओं से प्रदेश में 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का निर्माण होंगा।

जल संसाधन मंत्री सिलावट ने सिंचाई परियोजना की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जनता की ओर से धन्यवाद दिया। सिलावट ने कहा की हमारी सरकार किसानों को खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सिंचाई और कृषि के मामले में उन्नति कर रहा है।जल संसाधन मंत्री सिलावट ने बताया कि श्योपुर जिले में चेंटीखेड़ा वृहद सिंचाई परियोजना की अनुमानित लागत 539 करोड़ रूपये है। योजना के अंतर्गत 67.88 एमसीएम के मिट्टी के बांध निर्माण एवं पाईप नहर का निर्माण किया जाना है। परियोजना से 15 हजार 300 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी।

### दौरी सागर मध्यम् परियोजना

सतना में प्रस्तावित दौरी सागर मध्यम् परियोजना की अनुमानित लागत 175 करोड़ रूपये है। परियोजना के अन्तर्गत जलाशय निर्माण एवं पाईप नहर प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। 36 माह की अवधि में पूरी होने वाली परियोजना से सतना जिले के लगभग 7200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

### बहुती नहर परियोजना

सतना जिले में बहुती नहर परियोजना का शेष निर्माण कार्य किया जाना है। बहुती नहर प्रणाली बाणसागर जलाशय से निकली है, जिससे रीवा एवं सतना जिले के 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित किया जा सकेगा। परियोजना की अनुमानित लागत 351 करोड़ 48 लाख 80 हजार रूपये है।

# जिला मुख्यालय कॉमर्शियल लैंड पर करें फोकस : तिवारी

## गृह निर्माण मंडल की गतिविधियों की समीक्षा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधो-संरचना मंडल के अध्यक्ष पं. आशुतोष तिवारी ने कहा है कि सभी उपायुक्त अपने जिले में उपलब्ध कॉमर्शियल लैंड को लेने के लिए फोकस करें। तिवारी मंडल की विकास गतिविधियों की भोपाल स्थित पर्यावास भवन में समीक्षा कर रहे थे। अध्यक्ष तिवारी एवं मंडल आयुक्त चंद्रमौलि शुक्ल ने मंडल द्वारा पुर्नघनत्वीकरण, सु-राज, आवासीय योजना, आवासीय अटल आश्रय योजना एवं निर्माणाधीन कार्यो में संविदाकार के विरूद्ध की गई कार्रवाई की जिलेवार समीक्षा की। अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि आवासीय भूमि का चयन करते समय भूमि का आकार प्रकार नहीं देखें बल्कि आम आदमी को आवासीय कॉलोनी के नजदीक कितनी सुविधाएँ उपलब्ध प्रदान कर सकते हैं इसे ध्यान में रखें।

मंडल आयुक्त चंद्रमौलि शुक्ल ने सर्किल उपायुक्तों से वर्चुअली कहा कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक-एक आवासीय एवं अटल आश्रय योजना प्रारंभ होना चाहिए। इसके लिए भूमि का चयन करें। शुक्ल ने इंदौर, उज्जैन, सागर,जबलपुर, रीवा एवं शहडोल के वृत्त अधिकारियों से चर्चा की। शुक्ल ने कहा कि अपने जिले में रिक्त शासकीय भूमि को चिन्हित कर ऑन लाइन पंजीयन करायें।

उन्होंने कहा कि अटल आश्रय योजना में ऐसी जमीन का प्रस्ताव दें जो शहर से ज्यादा दूर नहीं हो। ऐसी भूमि जिसका बिक्रित मूल्य हो। आयुक्त शुक्ल ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत रिडेन्सीफिकेशन के प्रस्ताव देखें। इसके लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें और उसके बाद उच्च शिक्षा विभाग सुनिश्चित करेगा कि कौन से प्रोजेक्ट पर काम करना है। उन्होंने उपायुक्त ग्वालियर से कहा कि दतिया जिले में लगभग 50 एकड़ जमीन अलग-अलग लोकेशन पर तलाश करें। जिला कलेक्टर से मिल कर उपयुक्त जमीन के लिए ऑन लाइन एप्लाई करें। बैठक में अपर आयुक्त एस.के.मेहर. एस.के.वर्मा, बी.एल. सोलंकी, उपायुक्त एम.के. साहू, मंडल की मुख्य वास्तुविद श्रीमती सुनीता सिंह एवं जिला मुख्यालय के सभी अधिकारी वर्चुअली उपस्थित थे।

## मेपकॉस्ट और वन विभाग ने शुरू किया वन बायोमास मेपिंग कार्य

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने विज्ञान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नवाचार के क्रम में मेपकॉस्ट ने वन विभाग के सहयोग से फॉरेस्ट बायोमास की मेपिंग का कार्य शुरू किया है। खास बात यह है कि मेपकास्ट द्वारा की जाने वाली इस मेपिंग से मिले परिणाम का केलीब्रेशन और वेलीडेशन (मिलान) जनवरी 2024 में लांच होने वाले निसार सेटेलाइट डाटा से किया जायेगा। यह सेटेलाइट, नासा और इसरो के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किये गये नासा इसरो सिंथेटिक अर्पचर राडार (निसार) प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

मेपकास्ट के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जीडी बैरागी ने बताया कि सेटेलाइट में मुख्य रूप से दो बैंड एल और एस भेजे जा रहे हैं। एक हेक्टेयर के प्लाट से प्राप्त किये गये डेटा का मिलान सेटेलाइट के एल बैंड सेंसर के माध्यम से किया जायेगा। यह मध्यप्रदेश के लिए वन वायोमास आकलन के लिए उपयोगी होगा। अब हम बायोमास की मैपिंग सेटेलाइट के माध्यम से भी जाँच सकेंगे।

**नर्मदापुरम जिले को बनाया साइड:** डॉ. बैरागी ने बताया कि यह काम मेपकास्ट और इसरो की टीम द्वारा किया जा रहा है। फॉरेस्ट बायोमास की मेपिंग के लिए नर्मदापुरम जिले को चिन्हित किया गया है। यहाँ एक हेक्टेयर के 10 प्लाट पर स्थायी तौर पर मेपिंग का कार्य किया जायेगा। स्थायी प्लाट्स पर वर्ष में एक बार भौतिक रूप से बायोमास मेपिंग का कार्य किया जायेगा। इसमें पेड़ की ऊँचाई, मोटाई, शाखाओं की गिनती आदि को नापकर बायोमास निकाला जाएगा।

## विद्युत दरों में 1.65 प्रतिशत की वृद्धि

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए जारी टैरिफ में औसत 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि की है, जबकि गत वर्ष की तुलना में महंगाई 9.3 प्रतिशत बढ़ी है। निम्न दाब गैर घरेलू श्रेणी तथा निम्न दाब औद्योगिक श्रेणी की विद्युत दरों में कोई भी वृद्धि नहीं की गई है।

# मछुआरों के क्रेडिट कार्ड बनाने शिविर लगाए जाएं: सिलावट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जल-संसाधन, मछुआ-कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मछुआरों की सर्वांगीण उन्नति के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर दिये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पात्र मछुआ भाईयों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाए जाएँ। मंत्री सिलावट ने आज निवास कार्यालय में विभागीय समीक्षा की। मंत्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व और मंशानुसार मत्स्य विभाग सराहनीय कार्य कर रहा है। आगे भी इसी तरह से कार्य करते रहें। उन्होंने विभागीय योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति के लिए अधिकारियों को मछुआ सोसायटी से संपर्क करने और मत्स्य उत्पादन को बढ़ाने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, मत्स्य महासंघ के प्रबंध संचालक पुरूषोत्तम धीमान, संचालक भारत सिंह, सेक्रेटरी श्रीमती ज्योति टोप्पो और डिप्टी डायरेक्टर रवि कुमार गजभिये उपस्थित रहे।

## अनेक जानलेवा बीमारियों से बचाता है टीकाकरण: डॉ. चौधरी

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि टीकाकरण अनेक जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा देता है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी मंगलवार को टीकाकरण कार्यक्रम पर हुई मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में टीकाकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। प्रदेश में वर्ष 2014 में पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया, वर्ष 2015 में मातृ एवं शिशु टिटनेस उन्मूलन में सफल रहे और हाल ही में कोविड-19 के टीकाकरण में उल्लेखनीय सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग से कोविड-19 टीकाकरण में सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ है। मंत्री डॉ. चौधरी ने मीजल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि खसरा और रूबेला निर्मूलन अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जायेगा। कार्यशाला में संचालक एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने टीकाकरण पर विस्तार से जानकारी दी।

# एम्स में त्वचा और गुर्दे की पैथालॉजी पर कार्यशाला आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स में पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग, द्वारा 27 मार्च 2023 को त्वचा और गुर्दे की पैथोलॉजी में इम्यूनोफ्लोरेसेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में मध्य प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के रेजिडेंट्स और संकाय सदस्यों ने भाग लिया । सरकारी क्षेत्र में प्रत्यक्ष इम्यूनोफ्लोरेसेंस की सुविधा वर्तमान में केवल मध्य प्रदेश के एम्स भोपाल में उपलब्ध है, इसलिए मध्य भारत के रोगियों के लाभ के लिए इस क्षेत्र में ज्ञान का प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है ।

कार्यशाला का उद्घाटन एनाटॉमी विभाग की प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) बर्था रथिनम ने किया । कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहीं अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) नीलकमल कपूर ने कार्यशाला के शुभारंभ के अवसर पर स्वागत भाषण और कार्यशाला के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया । इस अवसर पर क्यूआर कोड के माध्यम से इम्यूनोफ्लोरेसेंस तकनीक पर एक शिक्षाप्रद वीडियो भी जारी किया गया ।

डॉ. तान्या शर्मा (सह प्राध्यापक पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन), आयोजन सचिव, डॉ. श्रमणा मुखोपाध्याय सह-संगठन सचिव (सह प्राध्यापक पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन), डॉ. ई. जयशंकर, सदस्य वैज्ञानिक समिति (अपर प्राध्यापक पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन) और डॉ हेमलता पंवार, (सह प्राध्यापक पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन) सदस्य, वैज्ञानिक समिति ने कार्यशाला का संचालन किया । कार्यशाला में प्रत्यक्ष इम्यूनोफ्लोरेसेंस तकनीक का प्रदर्शन, स्लाइड के माध्यम से व्याख्या, स्लाइड प्रदर्शन सत्र और व्याख्यान शामिल थे । डॉ. गिरीश चंद्र भट्ट अपर प्राध्यापक बाल्य रोग विभाग ने गुर्दे की बायोप्सी और इम्यूनोफ्लोरेसेंस के नैदानिक पहलुओं पर चर्चा की । डॉ. अध्यात्म भंडारी, सहायक प्राध्यापक, त्वचाविज्ञान विभाग द्वारा त्वचीय घावों में इम्यूनोफ्लोरेसेंस की भूमिका एवं नैदानिक पहलुओं पर चर्चा की गई ।

## कैंसर थेरेपी पर लिखित पुस्तक प्रकाशित

डॉ सुखेश मुखर्जी, बायोकैमिस्ट्री में अपर प्राध्यापक और प्रो जगत आर कंवर, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिस्ट्री विभाग, एम्स, भोपाल द्वारा फ़हाइपोक्सिया इन कैंसर- सिग्निफिकेंस एंड इम्पैक्ट ऑन कैंसर थेरेपीफ़ विषय पर लिखी गई पुस्तक, स्प्रिंगर-नेचर द्वारा प्रकाशित की गई है और यह पुस्तक अप्रैल 2023 से ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी।

इस पुस्तक में कैंसर पर विशेष जोर दिए जाने के साथ-साथ विभिन्न रोगों और क्रॉनिक शोथ (इन्फलेमेशन) में हाइपोक्सिया की बुनियादी स्तर से उन्नत स्तर तक की भूमिका को कवर करती है। यह पुस्तक चिकित्सा, नर्सिंग और बुनियादी विज्ञान के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों की आवश्यकता को पूरा करती है । यह वैज्ञानिकों, चिकित्सा वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के लिए भी उपयोगी होगी और सबसे महत्वपूर्ण यह पुस्तक कैंसर के निदान और उपचार के लिए उन्नत विकल्प का मार्ग प्रशस्त करेगी । पुस्तक में भारत और विदेशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के अध्यायों को शामिल किया गया है । कैंसर रोगियों को पीड़ा रहित देखभाल प्रदान करने के उद्देश्य से इस पुस्तक का प्रकाशन एम्स भोपाल और बायोकेमिस्ट्री (जैव रसायन) विभाग के लिए गर्व के पल है ।

स म्पा द की य

# नफरतों के तूफान में उम्मीदों का दीपक

कुछ राज्यों के साथ ही आम चुनाव भी चौखट पर हैं। इसके लिए सभी दल अपनी-अपनी तैयारी में लगे हुए हैं और इसी के चलते राजनीति का वो चेहरा देखने को भी मिल रहा है, जिसकी आम तौर पर उम्मीद नहीं करते। यह भी कह सकते हैं कि आने वाले आम चुनाव ऐतिहासिक ही होंगे, क्योंकि जो परिस्थितियां बन रही हैं या बनाई जा रही हैं, वो एक लोकतंत्र के लिए तो भयावह हैं।

कुछ-कुछ समझ में आता जा रहा है कि भारतीय राजनीति कौन सी करवट लेने जा रही है? जनता के मुद्दे हाशिए पर जा रहे हैं। जन कल्याण और गरीबों के भले का उद्देश्य तिरोहित होता जा रहा है। पक्ष हो या विपक्ष, हर कोई अब एक- दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप करना ही अपनी राजनीति का एकमात्र उद्देश्य मान बैठा है। कभी - कभी सोचने में तो आता है कि क्या यह राजनीतिक संसार सिमटकर चावल के दो दाने हो सकता है, जिसे किसी अज्ञात देवता की पूजा में आदर पूर्वक रखा जा सके? क्या कुछ देर के लिए ही सही, राजनीतिक संसार एक रोटी जैसा हो सकता है, जिसे कई दिनों से भूखे किसी बच्चे को चुपके से दिया जा सके?

उत्तर फिलहाल तो हां में नहीं दिखता। राजनेताओं और आम आदमी के बीच के संबंध के तो कुछ ज्यादा बुरे हाल हैं। कई नेताओं को लोगों ने अपनी पलकों में बैठाए रखा, लेकिन वही नेता, उन्हीं नज़रों से गिरकर खुदकुशी करते दिख रहे हैं। नज़रें घुमाकर देखें तो चारों ओर अंधेरा ही दिखाई दे रहा है। घरों में, दफ़्तरों में और रास्तों पर श्मशान की श्मशान नजर आते हैं। जबकि राजनीति को सबके लिए सुलभ और सरल, सामान्य होना ही चाहिए। वैसे ही जैसे- दरिया के पानी पर गिरती हुई सुबह की नाज़ुक धूप। जैसे- ख़ामोश दुपहरी में काली चट्टान पर बैठा सफ़ेद परिंदा। जैसे- गोधूलि बेला में अपने बसेरों की ओर लौटती गायों की गर्दन पर लटकती- बजती घन्टियां।

बात सौहार्द की करते हैं। बात करते हैं विश्व बंधुत्व की। बात करते हैं समरसता की। लेकिन जिन नेताओं को लोगों से प्रेम कमाना था, वे लोगों की नफ़रत फैला रहे हैं। स्वार्थवादिता सर चढ़कर बोल रही है। एक बार राजनीति में आए, तो पूरा परिवार, फिर पूरा खानदान उसकी चाशनी में नहाने लगता है। जिन्हें साइकिल नसीब नहीं हुई होती, वो पजेरो और बीएमडब्ल्यू में चलते दिख रहे हैं। अपवाद हर दौर में, हर क्षेत्र में होते हैं, राजनीति में भी हैं। लेकिन गिनती के। शायद गिनने लायक भी नहीं होंगे। लेकिन वो इस भ्रष्ट और नफ़रत भरे नक्कारखाने में तूती की तरह भी नहीं बज पाते।

राजनीति का स्तर कहां जा रहा है..? शायद यह सवाल भी बेमानी होता जा रहा है। समाज के सभी अंग तो कुष्ठ पीड़ित से लगते हैं। समाज की देह पर रिसते घावों का कोई इलाज समझ नहीं पड़ता। अंधेरे में एकाध रोशनी दिखती है, उसे तूफ़ानों के थपेड़ों में फंसा कर बुझा दिया जाता है। बुझाने के प्रयास चलते रहते हैं। तभी तो आम आदमी राजनीति से तौबा करता फिरता है और नेताओं से ख़ौफ़ खाता है।

फिर भी परिवर्तन प्रकृति का नियम है। यही नियम हमें उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखता है। बुझती-फड़फड़ाती लौ की तरह ही है यह उम्मीद। पर, आशाओं का आसमान भी विस्तृत होता है। हमें उसे अनुभव करना होगा। कहीं कोई अवतार आने वाला है, यह आस बेकार प्रतीत होती है। हां, इन्हीं परिस्थितियों में से कोई उम्मीद विश्वास में बदलने की प्रतीक्षा करनी होगी। राजनीतिक नफरतों का पहाड़ किसी प्रेम के ज्वालामुखी से ही ध्वस्त होगा। प्यार का दरिया वहीं से निकलेगा। ये ज्वालाएं ही नफरतों को राख कर सकती हैं। करिए प्रतीक्षा, फिलहाल अगले चुनाव की। राजनीतिक बयारों को तूफान में बदलते देखिए और जलाए रखिए अपनी उम्मीदों का दीपक। बुझने मत दीजिए।

# बुद्धि और विवेक के बिना धर्म अंधा है तो श्रद्धा और विश्वास के बिना निष्प्राण

**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**

विज्ञान और धर्म के संबंध में सामान्य रूप से कह दिया जाता है कि विज्ञान तो तर्क, बुद्धि और विवेक पर आधारित है जबकि धर्म का आधार आस्था और विश्वास है। इस प्रकार बुद्धि-विवेक और आस्था-विश्वास को विरोधी मानने वाले लोग विज्ञान और धर्म को भी परस्पर विरोधी करार देते हैं। वहीं धर्म के नाम पर पाखंड और धंधे करने वाले लोग, जिन्हें तुलसीदास जी —धींग धरमध्वज धंधक धोरी कहते हैं, आस्था-विश्वास के नाम पर अपने स्वार्थ साधने के लिए कुछ भी अनर्गल करना शुरू कर देते हैं। इसी का परिणाम है कोई धर्म के नाम पर हरी चटनी और समोसा खिला रहा है, कोई अपने धाम पर हर सप्ताह आने का आदेश दे रहा है, कोई सोशल मीडिया से आपकी जानकारी एकत्र करके आपको ही बताकर चमत्कारी होने का दावा कर रहा है और कोई लाखों की भीड़ इकट्ठी करके अभिमंत्रित वस्तुएँ बाँट रहा है और भीड़ इसी को धर्म मानकर भेड़चाल में शामिल हो रही है।

पाश्चात्य परम्परा में रीजन (तर्क) और फेथ (विश्वास) को विरोधी माना जाता है परंतु सनातन दर्शन में बुद्धि और विश्वास परस्पर विरोधी नहीं हैं बल्कि पूरक हैं। जीवन में समय और परिस्थिति के अनुसार दोनों का अपना स्थान है। पहले हम विज्ञान के क्षेत्र में विचार करें। वैज्ञानिक, प्रकृति की किसी घटना को देखता है और उसके कारण पर विचार करके किसी सिद्धांत की कल्पना करता है और विश्वास करता है कि उसके द्वारा परिकल्पित किया गया सिद्धांत सही है, फिर तर्क, बुद्धि और विवेक का प्रयोग करते हुए उसकी पुष्टि वैज्ञानिक प्रयोगों और प्रकृति की घटनाओं के निरीक्षण के द्वारा करता है और तब उस पर दृढ़ विश्?वास करता है। उदाहरण के लिए आइंस्टीन ने सापेक्षिता के सिद्धांत की कल्पना की और सोचा कि देश और काल (स्पेश एंड टाइम) गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से वक्र (कर्वेचर) हो जाता है। उन्होंने इस पर लम्बा शोध किया और गणितीय रूप से इसे सिद्ध किया। इसके बाद सैकड़ों वैज्ञानिकों ने ब्रह्माण्डीय घटनाओं का निरीक्षण करके इस सिद्धांत की पुष्टि की। यदि आइंस्टीन को अपने सिद्धांत की सत्यता पर विश्वास नहीं होता तो वह आगे काम करते ही क्यों? मैडम क्यूरी को रेडियोधर्मिता की खोज को लेकर विश्वास न होता तो वह अपने जीवन को खतरे में डालकर वर्षों तक अनुसंधान कैसे कर पातीं? इस प्रकार विज्ञान में साधारण विश्वास करना, फिर बुद्धि-विवेक से उसका परीक्षण करना और इसके बाद प्रयोगों से पुष्टि होने पर उस नियम में दृढ श्रद्धा का स?थान आता है।

धर्म भी ऐसा ही है। इसमें भी विवेक-बुद्धि के बाद ही श्रद्धा-विश्वास का स्थान आता है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है ''शास्त्र के कथनों पर भी अंधविश्वास करना ठीक नहीं है। अपनी विचार शक्ति का प्रयोग करके देखना चाहिए कि शास्त्र में जो लिखा है वह सत?य है या नहीं। जिस तरह भौतिक विज्ञानों में प्रयोग करके सीखते हैं इसी प्रकार धर्म को भी जीवन में प्रयोग करके सीखना होगा।''



सनातन धर्म के ऋषियों ने कभी भी शिष्यों की तर्क-बुद्धि की उपेक्षा करके उनसे अन्धविश्वासी या मूढ़ भक्त होने का आग्रह नहीं किया। विश्व के किसी भी अन्य धर्म में शिष्य को गुरु से प्रश्न करने या असहमत होने की स्वतंत्रता नहीं दी जाती। यह स्वतंत्रता केवल सनातन धर्म में है। गीता में अर्जुन ने कृष्ण को भगवान् जानने के बाद भी प्रश्न-प्रतिप्रश्न किये और कृष्ण ने भी विस्तार से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया। शंकराचार्य जी कहते हैं कि ''शास्त्र व गुरु के वचनों में वह विश्वास जिसके द्वारा सत्य का ज्ञान होता है श्रद्धा कहलाता है।'' इस प्रकार श्रद्धा, अंधविश्वास नहीं है वरन् बुद्धि की वह सामर्थ्य है जिसके द्वारा सत्य का ज्ञान होता है।

एक सामान्य उदारहण लें। हम किसी होटल में जाते हैं तो प्रारंभिक रूप से यह विश्वास करके जाते हैं कि भोजन स्वादिष्ट होगा। जब भोजन करते हैं (डायरेक्ट एक्सपीरिएंस) तब निष्कर्ष निकालते हैं कि हमारा विश्वास सही था या नहीं। यदि हम प्रत्येक होटल पर शंका ही करते रहें कि कहीं इसने खाने में जहर तो नहीं मिला दिया होगा तो हम कहीं खाना ही नहीं खा पाएंगे। कहीं तो प्रारंभिक विश्वास करना होगा। परंतु भोजन करे बगैर ही मान लें कि होटल का खाना अत्यंत स्वादिष्ट है तो यह अंधविश्वास होगा।

जैसे भोजन करना जरूरी है परंतु यह नहीं हो सकता कि सदैव भोजन ही करते रहें इसी प्रकार शंका जरूरी है पर सदैव शंकालु नहीं रह सकते, विश्वास जरूरी है पर अंधविश्वासी नहीं हो सकते । सामान्य रूप से धर्म के नाम पर फैली कुरीतियों का बचाव करने के लिए कहने लगते हैं कि धर्म तो श्रद्धा विश्वास का विषय है। किसी भी तर्कपूर्ण बात को आस्था पर आक्रमण मान लिया जाता है। सत्य दोनों के बीच में है। जीवन में आस्था-विश्वास का उतना ही महत्व है जितना बुद्धि-विवेक का। न कोई कम है न कोई ज्यादा। बस समय के अनुसार दोनों का रोल बदलता रहता है।

गीता में जहाँ एक ओर कहा है कि अज्ञानी, श्रद्धाहीन और संशय करनेवाला नष्ट हो जाता है अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति (4.40), वहीं यह भी कहा है कि श्रद्धावान् को ज्ञान मिलता है- श्रद्धावान लभते ज्ञानम् (4.39), बुद्धि का आश्रय ग्रहण करने की शिक्षा दी है-बुद्धौ शरणमन्विच्छ (2.49)। बुद्धि के बारे में कई स्थानों पर गीता कहती है ङ्क ददामिबुद्धियोगम् (10.10), बुद्धियोगमुपाश्रित्य (18.57) आदि। सनातनधर्म के हर महापुरुष ने जहाँ एक ओर श्रद्धा का अवलंबन किया वहीं दूसरी ओर उच्च कोटि के बौद्धिक चिन्तन का परिचय दिया। धर्म के बारे में सारी विसंगतियों की जड़ है बुद्धि-विवेक और श्रद्धा-विश्वास के बीच भ्रमित रहना। एक अवस्था आती है जब ईश्वर को तर्क बुद्धि से परे जान लिया जाता है। तुलसीदास जी के शब्दों में ''राम अतर्क्य बुद्धि मन बानी''। परंतु यह बाद की अवस्था है जब बुद्धि-विवेक का उपयोग करके राम को अनुभव में उतार लिया जाता है। तब दृढ़ श्रद्धा और विश्वास होता है जिसे शंकर और पार्वती के समान उपमा दी गई है -भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।

इसी प्रकार धर्म की यात्रा भी गुरु या शास्त्र के कथनों पर प्रारंभिक विश्वास से प्रारंभ होकर तर्क, बुद्धि और विवेक के सहारे आगे बढ़ती है । जैसे ही अनुभव (डायरेक्ट एक्सपीरिएंस) की शुरूआत होती है वैसे ही श्रद्धा और विश्वास का रोल शुरू हो जाता है। विडम्बना यह है कि धर्म की नर्सरी में प्रवेश लेते ही श्रद्धा और विश्वास की बात कहनेवाले वैसे ही हैं जैसे पहली कक्षा का विद्यार्थी अक्षरज्ञान सीखने की जगह पीएचडी की थीसिस लिखने की बात करने लगे। इसलिए धर्म, अंधविश्वास और कुरूतियों में बदल जाता है।

बिना प्रारंभिक विश्वास के कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सकता और व्यक्तिगत अनुभव के बिना विश्वास में दृढ़ता नहीं आती। धर्म प्रश्न करने से शुरु होता है और बुद्धि-विवेक के प्रयोग द्वारा स्वयं उत्तर प्राप्त करने के बाद दृढ़ श्रद्धा-विश्वास पर समाप्त होता है। अधर्म उत्तर से शुरू होता है और अंधविश्वास पर समाप्त होता है। बस इस अंतर को समझ लें तो पहचान सकेंगे क्या धर्म है और क्या नहीं। कौन संत है और कौन धंधक धोरी। सारा जीवन बुद्धि-विवेक और श्रद्धा-विश्वास के संतुलन पर टिका है। बुद्धि-विवेक सीढ़ी है तो श्रद्धा-विश्वास मंजिल। बिना सीढ़ी के मंजिल पर नहीं पहुँचा जा सकता। इसलिए धर्म के क्षेत्र में भी बुद्धि-विवेक प्रथम शर्त है तभी शंकर-पार्वती रूपी श्रद्धा-विश्वास प्राप्त होते हैं।

# इसलिए खबरों के केंद्र में है अडानी ग्रुप

**-राकेश दुबे**

इन दिनों कभी भी निजी टेलिविज़न चैनल या निजी रेडियो समाचार के लिए खोलिए, तो उसमें सारे समाचार अडानी ग्रुप के आसपास बुने हुए मिलते हैं । चाहे वो शेयर गिरने से जुड़े हो या कथित 20000 करोड़ की पूछताछ करता राहुल गांधी का सवाल। बाक़ी समाचारों की पृष्ठ भूमि में कहीं न कहीं अड़ानी प्रकरण आ ही जाता है। कुछ पाठकों ने इस पर कुछ और जानकारी चाही है, वैसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के साथ इस बारे में बहुत कुछ लिखा था, अब पुन- प्रस्तुत।

वर्ष 1985 में अडानी ग्रुप ने छोटे पैमाने की कंपनियों के लिए बेसिक पॉलिमर का आयात करना शुरू किया। 1988 में अडानी ने अडानी एक्सपोर्ट्स की स्थापना की, जिसे वर्तमान में अडानी एंटरप्राइजेज के नाम से जाना जाता है। यह फर्म कृषि और ऊर्जा से संबंधित वस्तुओं में काम करती है। अडानी समूह कोयला व्यापार, कोयला खनन, तेल एवं गैस खोज, बंदरगाहों, एयरपोर्ट, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक, बिजली उत्पादन एवं पारेषण, मीडिया और गैस वितरण में फैले कारोबार को संभालने वाला विश्व स्तर का एकीकृत बुनियादी ढांचा है।



गौतम अडानी पर अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने अडानी ग्रुप के सभी कंपनियों के लोन पर भी सवाल खड़े किए हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया कि अडानी ग्रुप की सात प्रमुख लिस्टेड कंपनियां 85 प्रतिशत से अधिक ओवरवैल्यूज हैं। फर्म ने अडानी ग्रुप से एकाध नहीं, कुल 88 सवाल किए हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च के उस रिपोर्ट में कई सवालों के बीच एक सवाल यह भी अडानी ग्रुप से पूछा गया है कि गौतम अडानी के छोटे भाई राजेश अडानी को ग्रुप का एमडी क्यों बनाया गया है? उनके ऊपर कस्टम टैक्स चोरी, फर्जी इम्पोर्ट डॉक्यूमेंटेशन और कोयले का अवैध इम्पोर्ट करने का आरोप है।

हिंडनबर्ग ने पूछा है कि गौतम अडानी के बहनोई समीरो वोरा का नाम डायमंड ट्रेडिंग स्कैम में आने के बाद भी उन्हें अडानी ऑस्ट्रेलिया डिवीजन का एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्यों बनाया गया है? ऐसे कई सवाल हैं, जिनका जवाब अब तक अडानी ग्रुप ने नहीं दिया है। हिंडनबर्ग रिसर्च की स्थापना वर्ष 2017 में नाथन एंडरसन ने की थी।

हिंडनबर्ग ने अबतक कई कंपनियों का पर्दाफाश किया है। यह एक फॉरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म है, जो इक्विटी, क्रेडिट और डेरिवेटिव्स को एनालाइज करती है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिंडनबर्ग ने वर्ष 2020 के बाद से 30 कंपनियों की कलई खोली है और रिपोर्ट रिलीज होने के अगले ही दिन उस कंपनी के शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गए, जबकि तीन कंपनियों के शेयर तो 90 प्रतिशत तक गिर गए।

लोकसभा में बजट सत्र में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अडानी की तस्वीर पीएम मोदी के साथ दिखाकर सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि वर्ष 2014 में दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में जिसका नाम 609वें नंबर पर था, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि दूसरे नंबर पर पहुंच जाते हैं। इन तस्वीरों के जवाब में भाजपा भी तस्वीरों के साथ आई और पूछा कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही ठप करा दी। लोकसभा में उद्योगपति गौतम अडानी को संरक्षण देने का आरोप लगा चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण को असंसदीय मानकर कार्यवाही से हटा दिया गया ।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद से अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी की नेटवर्थ में भी गिरावट आई है। इसकी वजह से वह दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की सूची से भी बाहर हो गए हैं। हालांकि, इस पूरे एपिसोड में अडानी समूह के लिए अबू धाबी से राहत की खबर आई है। अबू धाबी के शाही परिवार से जुड़ी इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी ने अडानी समूह के एफ़पीओ में 3,260 करोड़ रुपये का निवेश करने का एलान किया है।

अडानी समूह की छाप भारत में हर जगह है, चाहे इसके किसी प्रकार के उत्पाद हों या बंदरगाह या एयरपोर्ट में निवेश हो। संकट से पहले अडानी समूह खुंद को 260 अरब डॉलर का समूह बताता था, लेकिन इसकी जिन मौजूदा योजनाओं पर काम चल रहा है या इसकी आने वाली योजनाओं पर अगर अमल हुआ तो विशेषज्ञों का मानना है कि राजनीतिक समर्थन ऐसा ही रहा तो कुछ ही साल में समूह का आकार दोगुना हो सकता है।

# सीलबंद लिफाफा प्रक्रिया के प्रति सुप्रीम कोर्ट का बदलता रवैया

**विनय झैलावत**

'सीलबंद आवरण' गोपनीय दस्तावेज या जानकारी को संदर्भित करता है, जो सीलबंद लिफाफे या आवरण में अदालत को प्रस्तुत किया जाता है। ये दस्तावेज मामले में शामिल पक्षों या आम जनता को उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं। केवल न्यायालय के लिए ही होते हैं। भारतीय अदालतों में सील बंद आवरण का उपयोग गोपनीयता के सिद्धांत पर आधारित है, जो अदालतों को संवेदनशील जानकारी की रक्षा करने की अनुमति देता है। जो जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकती है या व्यक्तियों की गोपनीयता को प्रभावित कर सकती है, ऐसी जानकारी न्यायालय द्वारा सीलबंद लिफाफे अथवा आवरण में स्वीकार की जा सकती है।

भारत के मुख्य न्यायाधिपति डीवाई चंद्रचूड़ ने वन रैंक वन पेंशन योजना के तहत सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों को पेंशन बकाया के वितरण से संबंधित मामले में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत सीलबंद कवर नोट को स्वीकार करने से इंकार करके खूब सुर्खियां बटोरीं। उक्त मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सीलबंद लिफाफा लेने से यह कहते हुए इंकार कर दिया था कि वह सीलबंद आवरण के 'व्यक्तिगत रूप से खिलाफ' है। उन्होंने टिप्पणी की कि सीलबंद कवरों की प्रक्रिया निष्पक्ष न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। यह सीलबंद लिफाफों के उपयोग की दिशा में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के दृष्टिकोण में बदलाव को उजागर करने वाला एक और उदाहरण है। हाल के वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय सीलबंद आवरण के उपयोग की खुले तौर पर आलोचना करता रहा है।

'सीलबंद आवरण' गोपनीय दस्तावेज या जानकारी को संदर्भित करता है, जो सीलबंद लिफाफे या आवरण में अदालत को प्रस्तुत किया जाता है। ये दस्तावेज मामले में शामिल पक्षों या आम जनता को उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं। केवल न्यायालय के लिए ही होते हैं। भारतीय अदालतों में सीलबंद आवरण का उपयोग गोपनीयता के सिद्धांत पर आधारित है, जो अदालतों को संवेदनशील जानकारी की रक्षा करने की अनुमति देता है। जो जानकारी राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकती है या व्यक्तियों की गोपनीयता को प्रभावित कर सकती है, ऐसी जानकारी न्यायालय द्वारा सीलबंद लिफाफे अथवा आवरण में स्वीकार की जा सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय अतीत में तत्कालीन मुख्य न्यायाधिपति रंजन गोगोई के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों और सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा के खिलाफ शिकायत की सीवीसी जांच रिपोर्ट जैसे अन्य कई मामलों में सीलबंद आवरण को स्वीकार किए हैं। सन् 2015 के राफेल डील विवाद से जुड़े मामले में भी सीलबंद आवरण में इसी प्रक्रिया का पालन किया गया। यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज, न्यायमूर्ति जे चेलमेश्वर ने टिप्पणी की थी, कि अगर वह राफेल सौदे पर याचिकाओं की सुनवाई कर रहे होते तो वे सीलबंद आवरण प्रक्रिया का सहारा नहीं लेते।

स्वाभाविक रूप से सीलबंद आवरण का उपयोग भारतीय न्यायशास्त्र में बहस का विषय रहा है। क्योंकि, आलोचकों का तर्क है कि यह न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों को कमजोर करता है। अब ऐसा लगता है कि सर्वोच्च न्यायालय को अपनी विश्वसनीयता पर सीलबंद न्यायशास्त्र के प्रभावों का एहसास हो रहा है। मुख्य न्यायाधिपति डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा आज सीलबंद आवरण न्यायशास्त्र की आलोचना करने वाली टिप्पणियों के अलावा, अदालत ने कई मौकों पर सीलबंद आवरण को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है। उदाहरण के लिए अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने नियामक सिस्टम की समीक्षा के लिए प्रस्तावित विशेषज्ञ समिति में शामिल करने के लिए सीलबंद लिफाफे में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नामों को भी स्वीकार करने से इंकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधिपति ने आदेश सुरक्षित रखते हुए कहा कि विशेषज्ञों का चयन न्यायालय द्वारा ही किया जाएगा। समिति में जनता का पूर्ण विश्वास होना चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम विशेषज्ञों का चयन करेंगे और पूरी पारदर्शिता बनाए रखेंगे। यदि हम सरकार के नाम लेते हैं तो यह सरकार का गठित समिति के बराबर होगा। आदेश सुरक्षित रखते हुए समिति में पूर्ण (सार्वजनिक) विश्वास होना चाहिए। हालांकि, अदालत ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर विशेषज्ञ समिति को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। पिछले साल सर्वोच्च न्यायालय ने एआईएडीएमके कार्यकाल के दौरान तमिलनाडु के पूर्व मंत्री एसपी वेलुमणि को भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ दायर प्रारंभिक रिपोर्ट की प्रति रखने की अनुमति नहीं देने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय की भी आलोचना की थी। इसके अलावा, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने भी मुजफ्फरपुर आश्रय मामले से संबंधित मामले में अदालत में सीलबंद लिफाफे के इस्तेमाल का विरोध किया। उन्होंने टिप्पणी की, कि कार्रवाई की गई रिपोर्ट को सीलबंद आवरण में होना जरूरी नहीं है। अन्य मामले में उन्होंने जमा किए गए दस्तावेजों को स्वीकार करने से इंकार करते हुए कहा कि कोई भी सीलबंद आवरण न दें। इसे अपने पास रखें। मुझे कोई सीलबंद आवरण नहीं चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली एक पीठ ने वास्तव में भारतीय नौसेना में स्थायी आयोग (पीसी) के इनकार से संबंधित फैसले में कहा कि सीलबंद आवरण प्रक्रिया खतरनाक मिसाल कायम करती है, यह अधिनिर्णय की प्रक्रिया को अस्पष्ट और अपारदर्शी बनाती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में संवेदनशील जानकारी के प्रकटीकरण न करने का उपाय उस उद्देश्य के अनुपात में होना चाहिए, जो गैर-प्रकटीकरण पूरा करना चाहता है। साथ ही अपवादों को मानदंड नहीं बनना चाहिए। मलयालम समाचार चैनल मीडियावन पर केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए टेलीकास्ट प्रतिबंध के संबंध में फैसला आने के बाद ही सीलबंद आवरण पर सर्वोच्च न्यायालय का दृष्टिकोण स्पष्ट होना चाहिए। जबकि, फैसला केवल सुरक्षित रखा गया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सीलबंद लिफाफों के प्रति अपना विरोध व्यक्त किया। यह मामला अभी विचाराधीन है। इसकी अंतिम सुनवाई 3 नवंबर 2022 को हुई। अभी भी इस मामले में फैसला आना है। इस मामले में केरल उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय द्वारा सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों के आधार पर चैनल के प्रसारण लाइसेंस को नवीनीकृत नहीं करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखा है। इसने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को उठाया। हालांकि, निष्कर्ष तक पहुंचने और प्रतिबंध को बनाए रखने के लिए इन दस्तावेजों पर भरोसा किया गया। लेकिन दूसरे पक्ष (मीडिया वन) को उन्हें देखने का अवसर नहीं मिला।

# अपनों को नसीहत देते और कांग्रेस पर आक्रामक होते नड्डा

**अरुण पटेल**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अपने एक दिवसीय राजधानी भोपाल प्रवास के दौरान जहां एक ओर अपनी पार्टी के नेताओं को नसीहतें दीं तो वहीं दूसरी ओर मुख्य प्रतिपक्षी दल कांग्रेस पर जोरदार ढंग से हमला करते हुए आक्रामक तेवर भी दिखाये। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि उनका यह प्रवास अपनों को नसीहत देने के साथ ही कांग्रेस को खरी-खोटी सुनाने के लिए आक्रामकता लिए हुए था।

भाजपा कोर कमेटी की बैठक में नड्डा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री द्वय नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के सामने ही नसीहत देते हुए कहा कि यहां टीम वर्क नहीं है। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल भी खड़े किए। बैठक में उन्होंने दोटूक शब्दों में नसीहताना अंदाज में कहा कि यह सलाहकार समिति नहीं बल्कि एक्जीक्यूट करने वाली कमेटी है, लेकिन यहां टीम वर्क का पूरी तरह अभाव सामने आ रहा है। उन्होंने उपदेशात्मक लहजे में कहा कि विधानसभा व लोकसभा के चुनाव नजदीक हैं यहां टीम ज्यादा साथ काम करेगी तो बेहतर होगा। मध्यप्रदेश में एक से डेढ़ माह में इस कमेटी की बैठक कर रहे हैं जबकि यह हर पखवाड़े होना चाहिए और आगे से ऐसा ही हो यह भी देखें।

कोर कमेटी की बैठक के पहले पार्टी के नये कार्यालय का भूमिपूजन करने के बाद बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में भी नड्डा ने बड़े-बड़े नेताओं को इशारों इशारों में नसीहत दे डाली। राजनीति में जो कहा जाता है उससे अधिक समझने की जरुरत होती है। आने वाले समय में अपनी ढपली, अपना राग अलापने वाले नेताओं पर नड्डा की सीख का क्या असर होता है यह देखने वाली बात होगी। बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में जब प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बोलना आरंभ किया तो उनके गले की आवाज बैठने लगी इस पर शर्मा ने सफाई दी कि तीन दिनों से बैठक ले रहा हूं इसलिए ऐसा है । शिवराज अपनी कुर्सी से उठे और डायस के पास जाकर शर्मा को पानी पिलाने के बाद बोले कि मेरा भी गला बैठा हुआ है। इस वाकये के बाद बारी जब नड्डा के बोलने की आई तो उन्होंने इस नसीहत के साथ शुरुआत की कि यह समय गला बैठाने का नहीं है बल्कि विरोधियों की हालत खराब करने का है। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में भाग लेने वाले लोगों से मुखातिब होते हुए नड्डा ने उनसे कहा कि लुभावने वायदे और मैनीफेस्टो का कोई अर्थ नहीं, यदि आप काम पसंद करते हैं तो सपोर्ट भी करें। उनका कहना था कि पार्टी को पसंद करते हैं, एप्रीसिएट करते हैं तो फिर सपोर्ट भी करें क्योंकि आप लोगों की बात ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचती है तथा समाज को प्रभावित भी करती है ,इससे वातावरण भी बनता है।

नड्डा कांग्रेस पार्टी व उसके नेता राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर जमकर बरसे। पूरी शाब्दिक आक्रामकता के साथ बिना राहुल गांधी का नाम लिए नड्डा ने कहा कि वे अहंकार में डूबे हैं और समझदारी बहुत छोटी है। उन्होंने ओबीसी को चोर कहकर गाली देने का काम किया और माफी भी नहीं मांग रहे, रस्सी जल गई पर बल नहीं गया। वे कहते हैं किसी से नहीं डरता, अरे कम से कम संविधान और कानून से तो डरो। कांग्रेसी अब अपने नेता के लिए सत्याग्रह कर रहे हैं जबकि महात्मा गांधी ने भारत के सम्मान, अस्मिता और भारतीयता के लिए सत्याग्रह किया था। नड्डा ने कांग्रेस को कुछ इस अंदाज में परिभाषित किया कि कांग्रेस का मतलब करप्शन, कमीशन, डिवीजन, परिवारवाद और भाई-भतीजावाद है जबकि भाजपा का मतलब मिशन, समाजसेवा, महिला और समाज सशक्तिकरण है। जहां एक ओर नड्डा के तेवर आक्रामक व नसीहतों से भरे रहे तो वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना और पीएम आवास की प्रगति काफी अच्छी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब, शोषित, वंचितों की चिन्ता की है तो शिवराज ने पूरी ताकत से योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। इस प्रकार नड्डा के जो तेवर थे उसको देखते हुए यह कहा जा सकता है कि समझने वाले समझ गये जो ना समझे वह अनाड़ी है। कौन समझा और कौन अनाड़ी रहा इसका खुलासा कुछ माहों में ही हो

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## आरोपः पंचायत सचिव ने कुटीर के नाम पर ऐंठे 20 हजार

शिवपुरी- जिले की पिछोर जनपद की रही ग्राम पंचायत के सचिव पर कुटीर के एवज में रिश्वत लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनसुनवाई में कलेक्टर से की है। रही गांव के रहने वाले सेवक लोधी ने बताया कि मेरे पास रहने को पक्का मकान नहीं है वह फिलहाल अपनी खेत पर बनी कुटिया में अपने परिवार के साथ रख रहा था। आगामी समय में वर्षा काल से परेशानी न हो इसके लिए मैंने जैसे-तैसे प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास के लिए आवेदन किया था।कुछ दिनों बाद गांव का सचिव बद्री लोधी मुझे मिला था। बद्री ने बताया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम आ गया। कुटीर स्वीकृति के नाम पर उस ने मुझसे 20 हजार की रिश्वत भी ले ली थी लेकिन आज दिनांक तक न ही सचिव ने कुटीर उपलब्ध कराई है और न ही 20 हजार रुपए वापस किए। जब भी सचिव से पैसे मांगता हूं, तब मुझे धमकी देकर भगा देता है। सचिव द्वारा धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराने उत्तम मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचा। मामले में सचिव बद्री लोधी का कहना है कि उत्तम लोधी का अभी तक आवास स्वीकृत नहीं हुआ है और न ही उसने किसी भी प्रकार की कोई उत्तम लोधी से रिश्वत ली है उस के द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ ज्ञापन, प्रताड़ना के आरोप

शिवपुरी- जिले के करैरा अनुविभाग के दिनारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षकों ने अपने ही प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ प्रदर्शन किया और डीईओ को ज्ञापन सौंपकर प्रभारी प्राचार्य से चार्ज वापिस लेने की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि प्रभारी प्राचार्य उन्हें प्रताड़ित करते हैं। जबकि प्रभारी प्राचार्य की दलील है कि शिक्षक विद्यालय समय पर नहीं आते हैं। अतिथि शिक्षक आशीष गुप्ता व अमरीश यादव सहित वर्ग दो के कुछ शिक्षकों ने स्कूल की प्रभारी प्राचार्य शुभम खरे पर प्रताडऩा के आरोप मड़े हैं। शिक्षकों का कहना है कि खुद प्राचार्य समय से स्कूल नहीं आती और हमारे ऊपर उपस्थिति रजिस्टर में साइन कराने को लेकर दबाब बनाती हैं। शिक्षकों का कहना है कि प्राचार्य ने उनको मानसिक रूप से काफी परेशान करके रखा है। जबकि प्रभारी प्राचार्य शुभम खरे का कहना है कि कुछ शिक्षक समय से स्कूल नहीं आते हैं। इसके बाद भी वह चाहते है कि उनकी रोज उपस्थिति दर्ज हो। यह लोकल के होकर दबंग शिक्षक हैं तो महिला समझकर मुझ पर जबरन दबाव बनाते हैं। मेरी किसी से कोई रंजिश नहीं हैं।

## सेवकराम बने जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष



सिवनी– मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार, सिवनी जिले के निष्ठावान कांग्रेस नेता सेवकराम चन्द्रवंशी की कांग्रेस संगठन के प्रति सक्रियता को ध्यान में रखते हुये, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सेवकराम चन्द्रवंशी को जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त कर, आशा व्यक्त की है कि आप अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की भावनानुसार आप जिला कांग्रेस संगठन के सभी कार्यो में पूर्ण सक्रियता के साथ सहभागिता का निर्वहन कर कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। इस नियुक्ति पर जिले के समस्त कांग्रेस जनों ने सेवकराम चन्द्रवंशी कोबधाई देकर शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

## कलेक्टर-एसपी ने गबन, धोखाधड़ी प्रकरणों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी– कलेक्टर क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्राथमिक सहकारी समिति स्तर के गबन, धोखाधड़ी प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्टर चैंबर में आयोजित हुई। बैठक में समिति स्तर पर दर्ज हुए धोखाधड़ी, गबन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर कलेक्टर-एसपी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि धोखाधड़ी गबन प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की जाए तथा संबंधित कर्मचारी- अधिकारियों के विरूध्द दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। गबनकर्ताओं से राशि की बसूली के लिए धारा-64 अंतर्गत चल अचल सम्पत्ति का विक्रय कर बसूली की जाए। बैठक में उपायुक्त सहकारिता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## लाड़ली बहना शिविर का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

सिवनी– कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने सादकसिवनी में संचालित लाड़ली बहना शिविर का भी औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को ऑनलाईन पोर्टल में की जा रही प्रविष्टि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश शिविर प्रभारी को दिए। साथ ही साथ शिविर में उपस्थित महिलाओं की बैठक एवं पेयजल व्यवस्था के लिए शिविर प्रभारी को निर्देशित किया।

## स्वच्छता की पाठशाला मैं पढ़ाया गया स्वच्छता का पाठ

नैनपुर नगर पालिका ने सामुदायिक भवन के सभागार में स्व सहायता समूह सफाई मित्रों स्वच्छता की पाठशाला में स्वच्छता को लेकर विस्तार से जानकारी दी सफाई के तौर तरीके की जानकारी दी गई एवं बताया गया कि मध्य प्रदेश स्तर पर स्वच्छता को लेकर प्रथम स्थान मैं आने के लिए कदम उठाए जाएंगे जिसमें हम सभी का सहयोग विशेष तौर पर सफाई मित्रों स्व सहायता समूह अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सफाई के लिए हर संभव प्रयास करेंगे स्टार स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मिलित होंगे कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी पार्षद राजाराम शर्मा सुनील विश्वकर्मा साधना रंगारी लक्ष्मी पढ़ते कुसुम यादव पत्रकार बबलू सोनी राजा विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे वरिष्ठ पार्षद राजाराम शर्मा ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता के लिए जोर दिए जाने की आवश्यकता है सफाई मित्रों के अलावा पार्षद के तौर पर जिम्मेदारी है कि वे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अपने कर्तव्य का पालन करेंगे शर्मा ने आयोजन के विलंब से शुरू होने के लिए असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी समय में होने वाले आयोजन में समय का ध्यान रखा जाए नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी स्वच्छता अभियान को गति प्रदान करने के लिए स्व सहायता समूह सफाई मित्रों के साथ ही सभी लोगों के सहयोग से काम करने की आवश्यकता है पार्षद सुनील विश्वकर्मा पत्रकार राम कुमार चौरसिया ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन बर्वे मैडम ने किया।

# आशा, उषा, सहयोगी संयुक्त मोर्चा के समर्थन में उतरे रामू टेकाम

बैतूल। जिला कलेक्टर कार्यालय बैतूल के समक्ष विगत 14 दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही जिले की आशा,उषा, आशा सहयोगी कार्यकर्ताओं के बीच कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रामू टेकाम ने पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। आशा उषा आशा सहयोगी कार्यकर्ताओं ने रामू टेकाम को बताया कि विगत वर्षों में भाजपा की सरकार सत्ता में है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हमारी मांगों को पूरा करने को लेकर कई आश्वासन दिए और मंचों से घोषणा भी की परंतु आज तक कोई भी घोषणा शिवराज मामा ने पुरी नहीं की। हमे शासन कर्मचारी मानने को तैयार नहीं है परन्तु हमसे सारे सरकारी कार्य करवाए जाते हैं। कार्यकर्ताओं ने श्री टेकाम को बताया कि हमे न पूरा वेतन मिलता नहीं कोई सरकारी सुविधाएं मिलती हैं। कोविड काल में भी हमने जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की परंतु सरकार ने हमारे लिए कुछ भी नहीं किया। आशा उषा कार्यकर्ताओं ने कहा हमारी मांग है 10 हजार रुपए हमारा वेतन होना चाहिए। सरकारी अस्पताल में बिना



पैसे के और बिना लाईन के पर्ची बनाने की व्यवस्था हो और आराम करने के लिए एक कमरा होना चाहिए। किसी भी समय रात्रि में भी हम काम करते हैं हमारी सुरक्षा का ध्यान रखा जाए और हमे राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। हम महिलाओं को घर चलना आता है तो सरकार भी बदलना आता है। सभी कार्यकर्ताओं ने रामू टेकाम को ज्ञापन सौंपा जिस पर कांग्रेस नेता रामू टेकाम ने कहा मैं आपके ज्ञापन को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तक पहुंचाकर आपके समर्थन में बात करुंगा। 2023 में कांग्रेस की सरकार और कमलनाथ के मुख्यमंत्री बनते ही आपके सभी जायज़ मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## डीएलसीसी की बैठक संपन्न



धार। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में आज वित्तीय वर्ष की आख़िरी जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम केएल मीणा, जिपं सीईओ श्रृंगार श्रीवास्तव, ए जी एम आरबीआई नितिन श्रीवास्तव, एलडीएम बलराम बैरागी, जी एम डी आई सी सुनील त्रिपाठी, जी एम सी सी बी पीएस धन्यवाद, डी पी एम एन आर एल एम अपर्णा पांडे, आर एम एम पी जी बी शैलेंद्र सिंह परिहार, डी डी एम नाबार्ड श्रीमती चापेकर, डीडी पशुचिकत्सा जी डी वर्मा, सहायक संचालक मत्स्य टी एस चौहान, डीडीए एग्रीकल्चर जीएस मोहनिया तथा जिले की सभी बैंकों के समन्वयक भी मौजूद रहे। बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं में लक्ष्य हासिल करने में बैंकों की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। साथ ही बैंकर्स ने वसूली में सहयोग के लिये ज़िला प्रशासन का आभार माना।

आयोजित बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम योजना, उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ,योजना स्टैंड अप इंडिया , पीएमएफएमई, मछली पालन, डेरी पशुपालन योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना ,डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं ,आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह , डे एनयूएलएम सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

# कलेक्टर ने किया जिले को जलअभाव ग्रस्त घोषित, नलकूप खनन पर भी लगाया प्रतिबंध

सीहोर। रबी फसलों की बोबनी के बाद से शुरू हुआ पानी चोरी का सिलसिला फसल कटाई तक नही रोके जाने की वजह से जलस्त्रौत अभी से सूखते नजर आने लगे हैं। जिला मु यालय पर पेयजल की जरूरतों को पूरा करने वाले पार्वती नदी स्थित काहिरी बंधान सहित पेयजल आपूर्ति में सहायक भूमिका निभाने वाले भगवानपुरा और जमोनिया तालाब का जल स्तर काफी घटता चला गया।

हालात यह है कि पहले से ही एक दिन के अंतराल पर शहरवासियों को मिल रहा पानी अब दो दिन के अंतराल पर दिए जाने की कोशिशें होने लगी हैं। जलस्त्रौतों में पानी की कमी और भू जल स्तर लगातार नीचे जाने की वजह से कलेक्टर द्वारा जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित करने के साथ ही जिले में नलकूप खनन पर तत्काल प्रभावसे प्रतिबंध लगा दिया गया हैं।

रबी फसलों की बुआई के पूर्व से ही किसानों द्वारा पहले तो पलेवा करने के लिए जलस्त्रौतों से जमकर पानी चोरी किया गया, बुआई के बाद अंकुरित हो चुके गेहूं की फसलों की सिंचाई का दौर भी चलता रहा हालात यह रहे कि पेयजल के लिए आरक्षित भगवानपुरा तालाब और जमोनिया तालाब से किसानों को ड्क्षसचाई के लिए नहरों के माध्यम से तो पानी नही दियागया, लेकिन तालाब के आस- पास ोती, किसानी करने वाले किसानों ने बेखौफ होकर अपने मोटर पंप लगाकर तालाबों के पानी की चोरी का सिलसिला जारी रखा। जिससे पेयजल के लिए आरक्षित इन तालाबों को स्तर ाी तेजी से घटता चला गया अब स्थिति यह है कि इन तालाबों से जल प्रदाय एक दिन वजाय दो दिन के अंतराल पर दिए जाने की तैयारी की जा रही हैं।

पिछले वर्षो की तरह इसबार न तो राजस्व विभाग और न ही नगरपालिका द्वारा नदी, तालाबो से हो रहे पानी चोरी को रोकने के कोई कारगर प्रयास किए गए और न ही कोई टीमें बनाई गई। फसलों की बुआई और कटाई तक पानी चोरी कर रहे मोटर, पंपों को जब्त किए जाने की कार्रवाई की गई।

जल स्त्रौतो की लगागार होती जा रही दयनीय स्थिति को ध्यान में र ाते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित करते हुए जलस्त्रौतों से हो रहे पानी चोरी पर रोक लगाने के स त निर्देश दिए और जिले में नलकूप खनन पर ाी प्रतिबंध लगा दिया।

# आयुष्मान कार्ड होने के बावजूदमरीज से लिये रुपये, निजीअस्पताल को नोटिस हुआ जारी

### कलेक्टर ने दो बाबुओं को कियानिलंबित,कमिश्नर ने 3 को जारीकिए नोटिस

खरगोन । मुखूयमंत्री श्रीशिवराज सिंह चौहान ने मंगलवारको मासिक समाधान ऑनलाइन केमाध्यम से शिकायतकर्ताओं कोसुना और उनकी समस्याओं कानिराकरण किया। समाधानऑनलाइन में खरगोन मेंघुघरियाखेड़ी के यशवंत कर्मा कीशिकायत का भी निराकरण कियागया। शिकायतकर्ता यशवंत कर्माने अपनी पत्नी विद्या कर्मा केइलाज के लिए शहर के निजीअस्पताल साईं समर्थ में एडमिटकराया था। उनका आयुष्मान कार्डहोने के बावजूद अस्पताल द्वाराइलाज के लिए 1 लाख 21 हजार821 रुपये लिए गए। यशवंत कर्माने इस संबंध में 18 जून 21 मेंसीएम हेल्पलाईन पर शिकायत दर्जकराई थी। शिकायत के आधार पर30 अगस्त 22 को जिला अस्पतालप्रशासन द्वारा जांच दल का गठनकिया गया। जांच के बादशिकायतकर्ता को निजी स्वास्थ्यसंस्था द्वारा आयुष्मान भारतनिरामयम योजना अंतर्गत 61267 रुपये लौटाए गए। मरीज केपरिजनों से पैकेज के अतिरिक्तराशि वसूल करना पाया गया।सीएमएचओ डॉ. डीएस चौहानद्वारा साईं समर्थ अस्पताल कोकारण बताओ नोटिस जारी कियागया।

### इधर कलेक्टर और कमिश्नर ने भीकार्यवाही की

समाधान ऑनलाइन से पहलेकलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा नेजिला चिकित्सालय के दो बाबुओंनिहाल सिंह सिसोदिया सहायकग्रेड-2 और अजय मोरे सहायकग्रेड-3 को सिविल सेवा ( वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील ) नियम 1966 के नियम 9 के तहततत्काल प्रभाव से निलम्बित कियाहै। जबकि इंदौर संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा ने सीएमएचओ डॉ.डीएस चौहान, मलेरिया अधिकारीडॉ. मनोज पाटीदार औरप्रशासकीय अधिकारी जीएससोलंकी को नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थितहोकर जवाब प्रस्तुत करने केआदेश किये है।

# धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती

सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम की जयंती आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को भव्य चल समारोह में शामिल होने का प्रथम आमंत्रण पत्र विप्रजनों के द्वारा शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित प्राचीन गणेश मंदिर पर पहुंचकर भगवान गणेश को समर्पित किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, युवा अध्यक्ष रुपेश तिवारी आदि ब?ी संख्या में समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार शहर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। ब्राह्मण समाज के द्वारा शहर के सभी कालोनी और सेक्टरों में आगामी दिनों में बैठक का आयोजन किया जाएगा। समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि भगवान की जयंती आगामी 22 अप्रैल को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात शाम पांच बजे महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 23 अप्रैल को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर जय हो महावीर तेरी जय हो रघुवीर तेरी के जयघोष से गूजेगा नगर

ओबैदुल्लागंज । नगर औबेदुल्लागंज में हनुमान जन्मोत्सव पर्व को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है इस पर्व पर नगर को भगवा बनाने के लिए युवा रात रात भर भगवा कर नगर को सजा रहे हैं 6 अप्रैल को भव्य भगवा यात्रा की तैयारी जोरों पर है हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी की महा आरती और विशाल भंडारे का आयोजन होगा इस अवसर पर भगवान हनुमानजी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी और भगवान श्री राम के जयघोष और जय महावीर तेरी जय हो रघुवीर तेरी के नगर में जयघोष नारे लगेंगे हनुमान जन्मोत्सव पर भगवान हनुमान जी का स्वरूप विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहेगा नगर वासियों द्वारा जन्म उत्सव पर विशेष आतिशबाजी भी की जाएगी

### कल नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान रियासत कालीन दिव्य राम रथ पर होंगे श्री राम के दर्शन

# श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारियां हुई पूर्ण, 30 को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

**छतरपुर**, श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में विगत 17 वर्षो से निकाली जा रही अखिल ब्रह्माण्ड नायक, जानकी बल्लभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की विशाल दिव्य शोभायात्रा के 18 वे आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है । अखिल ब्रह्माण्ड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम प्रभु के जन्मदिवस पर पूरे नगर प्रतिपदा के दिन से ही दुल्हन की तरह सजाया दिया गया था । नौ दिनों तक पूरे शहर में नौ रात्रि में जगदम्बा की आराधना के साथ प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही थीं । दूर दराज से लोग शहर सजावट देखने देर रात तक परिवार के साथ घूमते रहते हैं । जगह-जगह राम दरबार की झांकियां सजाई गई है । श्री राम दरबार के पंडालों में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या आदि कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक धार्मिक पंडालों में भक्ति रस में डूबे रहते हैं ।



30 मार्च को निकलेगी शोभायात्राः श्री राम जन्मोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा के पूर्व प्रातः 10-30 बजे से श्री राम चरित मानस प्रांगण में श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति द्वारा प्रभु श्री राम चंद्र जी के जन्म की लीला का मंचन होगा । मंचीय लीला में भगवान विष्णु के दसावतारों की अद्भुत झांकियों के दर्शन कराए जाएंगे ।

**12 बजे होंगे प्रकट कृपालाः** मंचीय लीला का मंचन श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति द्वारा किया जाएगा । लीला के माध्यम से जब समस्त देवता त्राहिमाम त्राहिमाम करते हुए करुण पुकार करेंगे तब दोपहर ठीक 12-00 बजे प्रभु श्री राम का धरती पर जन्म होगा । जन्म की लीला के पश्चात प्रभु के बाल स्वरूप की महा आरती एवं नगर वासियों को बधाई के उपरांत श्री राम सेवा समिति के तत्वधान में विशाल शोभायात्रा श्री राम चरित मानस प्रांगण से शुभारंभ होगा । जो गांधी चौक बाजार, महल रोड, छत्रसाल चौक, आकाशवाणी तिराहा, बस स्टैंड, मऊ दरवाजा, हटवारा होते हुए गांधी चौक बाजार स्थित श्री राम दरबार पर दिव्य राम रथ की महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया जाएगा ।

**शोभायात्रा में होंगी अद्भुत झाकियां:** समिति के संस्थापक सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा मेंकुछ अलग अद्भुत झांकियां के दर्शन नगर वासियों को देखने मिलेंगे । इस शोभायात्रा में विघ्न विनाशक भगवान श्री गणेश की झांकी शोभा यात्रा की अगवानी करेगी उसके बाद विशाल शोभायात्रा का क्रम प्रारंभ होगा । शोभायात्रा में अद्भुत झांकियों के साथ अखाड़े, और बैंड आकर्षक रहेंगे ।हजारों की संख्या में मातृ शक्तियां पारंपरिक भारतीय परिधान में नृत्य करते हुए आगे चलेगी । जिसमें कई घोड़े डीजे बैंड ढोल अडब्बी धमाल अखाड़े छतरपुर के कई मंदिरों की झांकियां इस शोभायात्रा को रोचक बनाएंगे जिसमेंहजारों की संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले लेंगे ।

**समिति की अपील:** श्री राम सेवा समिति ने सभी नगर वासियों से 30 मार्च को अपने-अपने प्रतिष्ठान दुकानें बंद रखने की अपील की है । साथ ही समिति के संयोजक राकेश तिवारी ने समस्त सनातनी बंधुओं से निवेदन किया है कि श्री राम जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम के जन्मदिवस पर मर्यादित रहते हुए शोभायात्रा का आनंद लें । किसी भी प्रकार का नशा आदि करके न आएं । तथा इस शोभायात्रा में सपरिवार शामिल होने की अपील की है तथा इस शोभायात्रा को निर्विघ्न में सफल बनाने का आग्रह किया है 7 इस वर्ष भगवान श्री राम का दिव्य रथ को बहुत ही भव्य स्वरूपदिया गया है । श्री राम रियासत कालीन दिव्य रथ में विराजमान होकर नगरभ्रमण करेंगे आप सभी सपरिवार श्री राम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

# रेली तहसीलदार निकिता तिवारी का हुआ प्रमोशन, सीएम के गृह क्षेत्र विदिशा की होगी डिप्टी कलेक्टर



**बरेली।** चुनावी वर्ष में मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रशासनिक सर्जरी के साथ तहसीलदारों को पदोन्नति दी है इस बीच रायसेन जिले की बरेली तहसील की तहसीलदार सुश्री निकिता तिवारी का डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रमोशन हुआ है आपको बता दें श्री तिवारी का नायब तहसीलदार से तहसीलदार तक का सफर याद कर रहा है श्री तिवारी बरेली से ही नायब तहसीलदार से तहसीलदार बनी थी और अब पुनः बरेली से ही तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर बनी है पूर्व में श्री तिवारी ने नायब तहसीलदार के रूप में 2008 से 2011 तक बरेली तहसील में सेवाएं दीं जिससे बात बरेली से ही 2011 में तहसीलदार के पद पर प्रमोशन होकर 2011 से 2015 तक भोपाल गोविंदपुरा तहसीलदार रही 2015 से 2018 तक सीहोर तहसील की कमान संभाली फिर पुनः 2018 से 2020 तक बरेली तहसीलदार रही और फिर पुनः 2022 में बरेली तहसीलदार की कमान संभाली वर्तमान में तहसीलदार निकिता तिवारी बरेली तहसीलदार हैं तहसीलदार निकिता तिवारी की पदोन्नति डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुई है अब सुश्री निकिता तिवारी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र विदिशा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ होकर अपनी सेवाएं देंगी चुनावी वर्ष में तहसीलदार निकिता तिवारी को विदिशा जिले की कमान मिली है इससे उनकी कार्य क्षमता का पता चलता है और उनकी विश्वसनीयता का 7

**कार्यशैली संवेदनशीलता ने लोकप्रियता दी है :** सुश्री निकिता तिवारी राज्य प्रशासनिक सेवा की ऐसी अधिकारी रही है जिसे अपनी प्रत्येक पदस्थापन के दौरान जनता का भरपूर समर्थन मिलता है अपनी पारदर्शी और जनहितैषी कार्यशैली के साथ संवेदनशीलता ने इन्हें लोकप्रियता दी है तहसीलदार पद पर रहते हुए निकिता तिवारी ने क्षेत्र में ऐसे कार्य किए हैं जो हमेशा लोगों के लिए यादगार रहेंगे दाक्षी को मिली दृष्टि अभियान के तहत तहसीलदार ने लोगों के बीच विश्वास का स्थान बनाया है असहाय गरीबों की तहसीलदार पद की गरिमा से हटकर मदद करने से कतई तहसीलदार नहीं चूकती है आज उनके प्रमोशन बरेली क्षेत्र में खुशी की लहर तो है लेकिन लोगों को दुख भी है ऐसे अधिकारी विरले होते हैं जो अपने कार्य क्षेत्र में रह रहे लोगों को अपना परिवार मानते हैं और हमेशा तहसीलदार निकिता तिवारी ने लोगों की मदद की इसलिए ही वह इस? क्षेत्र में दीदी के नाम से विख्यात है 7 और विषम परिस्थितियों के बीच लेडी सिंघम का रूप भी क्षेत्र की जनता ने देखा है लॉयन ऑर्डर की स्थिति के बीच अपने आपको संयम में रखना उनके लिए बड़ी चुनौती भी रहती हैं।


## ज़ाहिर सूचना

एक दुकान, खसरा क्रमांक 111/1 एवं 111 / 4 स्थित ग्राम भानपुर तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) के संबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती प्रीति चौरसिया, पत्नी श्री सुमत कुमार, निवासी मकान नम्बर 34, गली नम्बर 2, गीता नगर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) ने श्रीमती कमला बाई, पत्नी श्री सुखराम गुप्ता, निवासी मकान नम्बर 18, गली नम्बर 5, द्वारका नगर, कौच फैक्ट्री रोड, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) से एक दुकान, खसरा क्रमांक 111/1 एवं 111 / 4, स्थित ग्राम भानपुर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) को क्रय कर अनुबंध निष्पादित कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था, वित्तीय संस्थान, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय, नुजूल, तहसील अथवा गैर शासकीय निकाय, व्यक्ति विशेष से अगर कोई अनुबंध किया गया हो, बंधक, विक्रय, रहन, दान इत्यादि हो, किसी का व्यक्तिगत हित हो या कोई लेनदारी अथवा देनदारी हो, वह व्यक्ति, संस्था इत्यादि, सूचना पत्र के प्रकाशन से 24 घंटे में मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय सम्पुष्ट साक्ष्य के प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के बाद मेरी पक्षकारा उक्त वर्णित सम्पत्ति का विक्रय-पत्र निष्पादन अपने पक्ष में करवा लेंगी, उसके बाद किसी भी प्रकार की दावा, आपत्ति प्रभाव शून्य होकर मेरी पक्षकारा पर मान्य नहीं होगी।

भवदीय
( कैलाश कुशवाह ) अधिवक्ता
कार्या. यश्यशवनी लॉ चैम्बर
श्री हेमराज मार्केट, ग्राम हिनौतिया 80 फुट रोड, भोपाल (म.प्र.)
मो.9303135353, 9827106398



## कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल

क्रमांक / था. प्र./डी /233/2023 दिनांक : 27/03/2023

### जाहिर सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल के गुम. क्रमांक 12/2023 की गुमशुदा श्रीमती अंजलि बर्मन पति अजय बर्मन उम्र 23 साल निवासी ग्राम सिसरेल पोस्ट तापन जिला दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल पता- रेल्वे स्टेशन बजरिया के सामने होटल भोपाल जिसका हुलिया :- कद 5 फिट करीबन, रंग सांवला, चेहरा गोल, लाल कलर की साड़ी व लाल ब्लाउज व पैरों में चप्पल पहने हुए है । जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है । यदि इस गुमशुदा महिला के संबंध में किसी को कोई जानकारी मिलती है तो थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2677331 अथवा जाँचकर्ता का.प्रआर. 2837 रामकृपाल मीना के मो.नं. 7049104316 पर तत्काल संपर्क करे ।

थाना प्रभारी
थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल

जी-25151/22

# सड़क सुरक्षा की पहली प्राथमिकता जान बचाना है

## सड़क सुरक्षा पर हितधारकों का विमर्श





**भोपाल।** सड़क सुरक्षा के प्रयासों में हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की जान बचाना है। ये बात हितधरकों के विमर्श %सड़क सुरक्षा- ज़िंदगी बचाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता% में कही गई। कंज़्यूमर वॉइस, नई दिल्ली और नेशनल सेंटर फ़ॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (एन सी एच एस ई) के संयुक्त तत्त्वावधान में एप्को सेमिनार हॉल में आयोजित इस विमर्श में क़रीब 50 प्रतिभागियों ने शिरक़त की जिनमें स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, शिक्षक, युवा, छात्र और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे।

परिवहन विभाग के नोडल अधिकारी प्रमोद कापसे ने बताया कि सरकार के प्रयासों से सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के तमाम प्रावधान किए गए हैं जैसे किसी गम्भीर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (एक घण्टे के भीतर) में उचित चिकित्सा मुहैया कराने वाले व्यक्ति को 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा की जवाबदारी सिर्फ़ सरकार की नहीं है इसके लिए समाज के सभी वर्गों की बराबर की ज़िम्मेदारी है।

मध्यप्रदेश का सड़क दुर्घटना में भारत में दूसरा स्थान है वहीं दुर्घटना से होने वाली मौतों में चौथा। सबसे ज़्यादा हादसे तेज़ गति से वाहन चलाने में होते हैं। इसके अलावा सीट बेल्ट अथवा हेलमेट का प्रयोग न करना, मोबाइल का उयोग और ट्रैफ़िक नियमों की अवहेलना भी मुख्य कारण हैं। कंज़्यूमर वॉइस के लीगल प्रोजेक्ट एडवाइज़र अमरजीत सिंह पंघाल ने संशोधित मोटर यान अधिनियम 2019 की विस्तार से व्याख्या करते हुए समझाया कि कैसे ये सड़क उयोगकर्ताओं के लिये हितकारी होगा। उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट की जगह अब %रोड क्रैश% शब्द का उपयोग किया जारहा है। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में मरने वाले क़रीब 70 फ़ीसदी 18 से 45 आयु वर्ग के होते हैं और 45 फ़ीसदी मृत्यु दुपहिया चालकों की होती है।

मैनिट के असिस्टेन्ट प्रोफ़ेसर डॉ राहुल तिवारी ने अपने शोध पर आधारित निष्कर्ष में बताया कि बहुत से चालकों को तेज़ गति से वाहन चलाने की आदत सी होती है और ये उनके व्यवहार का हिस्सा बन चुका होता है। यात्रा के दौरान ही यदि तेज़ गति पर आर्थिक दंड की सूचना मिल जाती है तो गति 10 प्रतिशत तक कम होजाती है। उन्होंने बताया कि इंटेलीजेंट ट्रेफ़िक मैनेजमेंट सिस्टम द्वारा अब सभी वाहन पुलिस की नज़र से बच नहीं सकते और लापरवाही पर गंभीर परिणाम भुगतना होंगे।

आमजन की तरफ़ से बोलते हुए फ़िल्मकार सुनिल शुक्ल ने कहा कि पुलिस एक बार मे सिर्फ़ एक ही गड़बड़ी पकड़ती है जैसे हेलमेट या सीट बेल्ट या गति जबकि हर लापरवाही पर तुरंत कार्यवाही की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाल सिग्नल का जितना सम्मान कर सकेंगे उतना ही कम लाल रंग सड़क पर बहेगा। आयोजक संस्था एन.सी.एच.एस.ई. के महानिदेशक डॉ प्रदीप नन्दी ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कोविड में और सड़क हादसों में हुई मृत्यु की तुलना करते हुए बताया कि सड़क हादसों में अचानक मरने वाले किसी भी बीमारी या महामारी से मरने वालों से कहीं ज़्यादा होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयासों का मुख्य उद्देश्य है कि लोग सड़क सुरक्षा की ज़रूरत और गंभीरता को समझें और इसमे ज़्यादा से ज़्यादा भागीदार बनें। वर्कशॉप को राधुराज सिंह एवं रिंकी शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अविनाश श्रीवास्तव ने किया।

# अनएकेडमी छात्रों के लिए आयोजित कर रही है सबसे बड़ा स्कॉलरशिप टेस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने छात्रों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हाल ही में अनेएकेडमी स्कॉलरशिप टेस्ट (यूएसटी) की घोषणा की है। टेस्ट का संचालन 26 मार्च से 16 अप्रैल के बीच रोज़ाना दोपहर 11:00-12:00 बजे और शाम 4:00-5:00 बजे किया जाएगा। यूएसटी के साथ अनएकेडमी छात्रों को भारत के टॉप शिक्षकों एवं सर्वश्रेष्ठ तरीकों से पढ़कर अपन लक्ष्यों को हासिल करने का मौका देगी। क्वालिफाय होने वाले छात्रों को अनएकेडमी प्लेटफॉर्म और अनएकेडमी सेंटर पर 100 फीसदी तक स्कॉलरशिप मिलेगी, सबसे अच्छा परफोर्मेन्स करने वाले छात्रों को स्पेशल रैंकर्स ग्रुप का एक्सेस मिलेगा। यूएसटी सभी योग्य छात्रों के लिए रु 100 करोड़ तक की छात्रृत्ति और रिवॉड्र्स पेश करती है, ताकि छात्रों को उनकी पढ़ाई में मदद मिले। आईआईटी जेईई, नीट यूजी एवं फाउन्डेशन (कक्षा 8 से 12) के छात्र यह स्कॉलरशिप टेस्ट दे सकते हैं। स्कॉलरशिप टेस्ट से छात्रों को अपनी क्षमताओं और कमज़ोरियों को समझने का मौका मिलेगा। टॉपरैंकर्स को अनएकेडमी के ऑनलाईन एवं ऑफ्लाईन प्रोग्रामों में प्रवेश के अवसर दिए जाएंगे, इससे वे आईआईटी जेईई एवं नीट यूजी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे।

# सोनी टीवी के हम रहें ना रहें हम के साथ 11 साल बाद फिक्शन शो में वापसी कर रहे हैं जय भानुशाली

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आगामी शो, हम रहें ना रहें हम ने अपने दिलचस्प ट्रेलर से दर्शकों का दिल जीत लिया है, जिसमें एक भव्य कहानी पेश की जा रही है। स्वास्तिक प्रोडक्शंस के निर्माण में बने इस शो की कहानी दमयंती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक राजघराने की मुखिया है और एक शाही जीवन शैली बनाए रखने के लिए लड़ती है। लेकिन परिवर्तन तो अटल है, क्योंकि उसका पहला बेटा शिवेंद्र शहर की एक खुशमिजाज लड़की सुरीली से प्यार कर बैठता है। दर्शकों को अपने अलग-अलग तरह के यादगार किरदारों से मंत्रमुग्ध करने वाले एक्टर जय भानुशाली 11 साल के अंतराल के बाद एक डेली फिक्शन शो के साथ टेलीविजन पर वापसी करने जा रहे हैं! जय इस शो में बारोट परिवार के सबसे बड़े बेटे शिवेंद्र बारोट का रोल निभाने जा रहे हैं, जिन पर शाही खानदान को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होती है। जय हम रहें ना रहें हम के साथ अपनी वापसी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। शाही बारोट परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से वाकिफ होने के बावजूद, शिवेंद्र को एक बाहरी लड़की सुरीली (टीना दत्ता) से प्यार हो जाता है और ऐसे में उनकी मां दमयंती (किटू गिडवानी) के मंसूबों पर पानी फिर जाता है। हम रहें ना रहें हम का हिस्सा बनकर उत्साहित जय भानुशाली ने कहा, ऐसा बहुत कम होता है जब मैं किसी शो के बारे में इतनी शिद्दत से महसूस करता हूं कि इसे छोड़ पाना मुश्किल हो जाए, और हम रहें ना रहें हम बिल्कुल ऐसा ही शो है। 11 साल बाद छोटे पर्दे पर किसी फिक्शन शो में वापसी करने यह एक परफेक्ट तरीका है। यह शो एक आकर्षक कहानी के साथ-साथ नए विचारों को भी दिखाता है। इसके अलावा, मैं पर्दे पर अपने रोमांटिक पक्ष को एक्सप्लोर करने के लिए बेहद उत्साहित हूं, जो लंबे समय से मेरी बकेट लिस्ट में शामिल था।

# एमएक्स प्लेयर ने अपना नया एमएक्स ओरिजिनल, विरोध - अपराध, रोमांस और खेल का एक अनूठा मिश्रण पेश किया

मुंबई, एजेंसी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवैध रेत खनन की गंभीर दुनिया में सेट, एमएक्स प्लेयर ने अपनी मनोरंजक क्राइम थ्रिलर विरोध के एपिसोड्स को रिलीज किया। एमएक्स ओरिजिनल सीरीज कजरी (प्रीता बख्शी द्वारा अभिनीत) की कहानी का अनुसरण करती है, जो एक युवा खिलाड़ी है, जिसका जीवन अपने पिता और भाई की क्रूर हत्या के बाद उलटा हो जाता है। अपनी मां के साथ जीवन की बाधाओं से लड़ते हुए, कजरी खुद को अपने निर्दयी चाचा बृजभान की दया पर पाती है, जो परिवार के व्यवसाय को संभालते हैं और एक शक्तिशाली स्थानीय राजनेता के बेटे विशेष से उसकी शादी करने की योजना बनाते हैं। बृजबन की योजनाओं को धता बताते हुए, कजरी अपने हाई स्कूल जाने वाले गगन उर्फ गोगी (अभिनव रंगा द्वारा अभिनीत) के साथ भाग जाती है, जो एक भाला फेंक उत्साही है, जो चारों ओर से हिंसा और भ्रष्टाचार से दूर एक साथ जीवन बनाने की उम्मीद करता है। लेकिन उनकी खुशी अल्पकालिक है क्योंकि बृजभान ने गोगी के परिवार को मार कर जवाबी हमला किया, जिससे कजरी को एक मुश्किल विकल्प चुनने के लिए मजबूर होना पड़ा। गोगी की जान बचाने की बेताब कोशिश में, कजरी विशेष से शादी करने की पेशकश करती है, लेकिन उनकी शादी की रात एक हिंसक गोलीबारी के रूप में खूनखराबे में बदल जाती है। बृजभान और उसके गुंडों से भागकर, क्या कजरी और गोगी उस खतरनाक दुनिया से बच पाएंगे जिसमें वे खुद को पाते हैं? अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री पृथा बख्शी ने कहा, कजरी को चित्रित करना इस अर्थ में एक ज्ञानवर्धक अनुभव रहा है कि मैंने न केवल व्यक्तित्व बल्कि एक छोटे शहर की लड़की के जीवन और उसके आगे आने वाली संभावनाओं को भी मूर्त रूप दिया; प्रतिकूल परिस्थितियों में सपनों और आशाओं से भरा एक जमीन से जुड़ा चरित्र। फिटनेस के प्रति उत्साही होने से मुझे शूटिंग के दौरान प्रशिक्षण में वास्तव में मदद मिली। एमएक्स प्लेयर के साथ इस यात्रा का हिस्सा बनने का यह एक शानदार अवसर था। आशा है कि दर्शक इसे वैसे ही पसंद करेंगे जैसे मैंने किया था।

# गाइनेक कैंसर और बॉवेल एंडोमेट्रियोसिस के उपचार में नई तकनीकों पर डॉक्टर के दो अध्ययन अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुए

अहमदाबाद, एजेंसी। प्राणघातक माने जाने वाले गाइनेक कैंसर और बॉवेल (आँत) एंडोमेट्रियोसिस के उपचार के लिए अहमदाबाद के एक डॉक्टर ने नई तकनीकों को विकसित किया है, जिसे एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इन उन्नत तकनीकों को डॉ. दीपक लिंबाचिया और उनकी टीम द्वारा डेवेलोप किया गया है, जो एक जाने-माने लेप्रोस्कोपिक और ऑन्कोलॉजी सर्जन तथा ईवा वुमन हॉस्पीटल और एंडोस्कोपी सेंटर के संस्थापक भी हैं। डॉ. दीपक लिंबाचिया ने अंतरराष्ट्रीय कैंसर दिशानिर्देशों के अनुसार उचित और संपूर्ण लेप्रोस्कोपिक सर्जिकल मैनेजमेन्ट के साथ स्त्री रोग के कैंसर के क्षेत्र में विस्तृत और व्यापक स्तर पर काम किया है।

**ऑन्कोलॉजी पेपर :** भारतीय महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर सबसे आम जनन-संबंधी कैंसर है। पश्चिमी दुनिया में महिलाओं में एंडोमेट्रियल कैंसर सबसे आम यौन, जनन संबंधी कैंसर है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में 6,04,127 महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर हुआ और वैश्विक स्तर पर इस बीमारी से 3,41,831 महिलाओं की मौत हुई थी।

भारत के लिए ग्लोबोकेन-2020 के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में सर्विक्स कार्सिनोमा के 1,23,907 मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2019 में भारत में सर्वाइकल कैंसर के कारण 45,300 महिलाओं की मौत हुई थी। यह एकमात्र स्त्रीरोग संबंधी कैंसर है जिसके लिए सरकार द्वारा स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिससे रोग को प्रारंभिक चरण में ही पहचाना जा सके और उचित समय पर उपचार शुरु किया जा सके। डॉ. लिंबाचिया और उनकी टीम ने नई सर्जिकल तकनीक विकसित की है, जो बेहतर पूर्वानुमान के साथ- साथ उत्तम सर्जिकल परिणाम दे सकती है। इस नई तकनीक में सर्वाइकल और एंडोमेट्रियल कैंसर सर्जरी (गर्भाशय कैंसर सर्जरी) में कोल्पोटॉमी से पहले योनि को बंद करना शामिल है, जो पेट के अंदर और योनि में ट्यूमर कोशिकाओं को फैलने से रोकता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# आईसीएआर एवं विश्व बैंक ने ब्लेंडेड लर्निंग ईकोसिस्टम पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कृषि शिक्षा प्रणाली के आधुनिकीकरण पर दिल्ली घोषणा पत्र जारी किया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में सभी कृषि उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल ई लर्निंग कंटेंट एवं उभरती इमर्सिव टेक्नोलाजीज समेत डिजिटल आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है। व्यवस्थागत डिजिटल क्षमता, ज्ञान और कौशल में सुधार के लिए सभी भागीदारों में प्रणालीगत डिजिटल क्षमता निर्माण को संस्थागत रूप प्रदान करने की भी आवश्यकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कृषि शिक्षा प्रणाली के आधुनिकीकरण पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और विश्व बैंक द्वारा जारी दिल्ली घोषणा पत्र में कृषि में प्रभावी अध्यापन और सीखने के लिए डिजिटल संसाधनों और टूल्स को समाहित करने की जरूरत रेखांकित की गई। इसमें ऐसे लिंग-समावेशी एवं टिकाऊ शिक्षा के लिए एक नवीन एवं सहनशील प्रणाली की दिशा में जोर दिया गया जो भारत के कृषि शिक्षा क्षेत्र का मार्ग प्रशस्त करे। बहुक्षेत्रीय प्रौद्योगिकी सुगम शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और कृषि उच्च शिक्षा में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कृषि एवं गणित (स्टीम) पर नीतियों को परिवर्तित किए जाने की जरूरत है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने ड्यूल इनवर्टर एयर कंडीशनर कंप्रेसर का स्थानीय निर्माण शुरू किया

ग्रेटर नोएडा। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशन के दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एयर कंडीशनर ब्रांडएलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, ने अपनी ग्रेटर नोएडा के निर्माण सुविधा में डुअल इन्वर्टर एयर कंडीशनर कंप्रेशर्स की स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग लाइन का उद्घाटन किया।नई सुविधा का उदघाटन सरकारी अधिकारियों, एलजी ग्लोबल के अधिकारियों, मैन्युफैक्चरिंग एमडी और अन्य वरिष्ठ गणमान्यों की उपस्थिति में किया गया। एलजी इंडिया ने हमेशा बाजार और प्रौद्योगिकी नेतृत्व को मजबूत किया है।हम स्प्लिट और विंडो दोनों सेगमेंट में 100 प्रतिशत लाइन अप को ऑन/ऑफ से डुअल इन्वर्टर में बदलने वाले पहले ब्रांड थे और इस नई लाइन के उद्घाटन के साथ, एलजी भारत में अपना डुअल इन्वर्टर एयर कंडीशनर कंप्रेसर बनाने वाला पहला




ब्रांड बन गया। लगभग 100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ और 1 मिलियन से अधिक की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ, उन्नत प्रौद्योगिकियों और मशीनरी से लैस नई सुविधा, ड्यूल इन्वर्टर एयर कंडीशनर कंप्रेसर का निर्माण करने के लिए तैयार है।यह मीलस्टोन एलजी इंडिया के एयर कंडीशनर उद्योग में बाजार नेतृत्व को और मजबूत करेगा। उद्घाटन के बारे में बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैन्युफैक्चरिंग एमडी ह्युनजिन ली ने कहा हम पिछले 25 सालों से लगातार भारतीय बाजार की सेवा कर रहे हैं और उपभोक्ताओं को नवीनतम उत्पादों और प्रौद्योगिकियों से प्रदान करते हैं। हम माननीय प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण से पूरी तरह से जुड़े हुए हैं और हमारी स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग का लगातार विस्तार करते हैं।हाल ही में हमने अपनी पुणे निर्माण सुविधा में साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर का निर्माण शुरू किया है। आज हम अपनी ग्रेटर नोएडा निर्माण सुविधा में ड्यूल इन्वर्टर एयर कंडीशनर कंप्रेसर की मैन्युफैक्चरिंग लाइन का शुभारंभ कर रहे हैं।यह निरंतर विस्तार स्वावलंबी भारत को वास्तविकता में बदलने की ओर एक कदम है और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का लक्ष्य भारत को एक शक्तिशाली विनिर्माण हब बनाना है। हमने इस एयर कंडीशनर कंप्रेसर निर्माण लाइन को स्थापित करने में लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है और हम लगातार हमारी स्थानीय कार्यक्रमों को मजबूत करने की ओर काम कर रहे हैं।

# गैलेक्सी ए54 5जी, ए34 5जी खूबसूरत डिज़ाईन और ट्रेंडी कलर्स में बिकना शुरू

## सैमसंग को भारत में 5जी में अपनी पैठ जमाने में मिलेगी मदद

भोपाल, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपनी लेटेस्ट स्मार्टफोन सीरीज़ गैलेक्सी ए54 5जी और गैलेक्सी ए34 5जी के लॉन्च की घोषणा कर दी। प्रीमियम लुक और फील के साथ और ड्यूरेबिलिटी के लिए डिज़ाईन किए गए गैलेक्सी ए54 5जी और गैलेक्सी ए34 5जी में लंबी चलने वाली बैटरी और बेहतर मनोरंजन फीचर्स हैं, जिनके कारण यह उपभोक्ताओं को बहुत ज्यादा पसंद आएगा।



कुनाल अग्रवाल, सीनियर डायरेक्टर, मोबाइल बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, ''सैमसंग में हम इनोवेशन को जनसमूह तक पहुँचाने में यकीन करते हैं, और गैलेक्सी ए54 5जी और गैलेक्सी ए34 5जी हमारी इस प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। ये डिवाईस हमारे सिग्नेचर गैलेक्सी ए डिज़ाईन और नाईटोग्राफी जैसे फ्लैगशिप फीचर्स के साथ प्रीमियम अनुभव प्रदान करती हैं। नाईटोग्राफी की मदद से उपभोक्ता कम रोशनी में भी शार्प इमेज और वीडियो शूट कर सकते हैं। गैलेक्सी ए54 5जी और गैलेक्सी ए34 5जी से भारतीय उपभोक्ताओं के बीच 5जी का एडॉप्शन बढ़ेगा और सैमसंग को देश में अपनी 5जी लीडरशिप मजबूत करने में मदद मिलेगी।''

काउंटरप्वाईंट रिसर्च इंडिया स्मार्टफोन मॉडल ट्रैकर दिसंबर 2022 के अनुसार गैलेक्सी ए ए सीरीज़ पिछले साल भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली और सबसे तेजी से बढ़ती हुई (10 मिलियन से ज्यादा यूनिटें बिकीं) स्मार्टफोन सीरीज़ थी। काउंटरप्वाईंट रिसर्च इंडिया स्मार्टफोन मॉडल ट्रैकर दिसंबर 2022 के अनुसार 2023 में सैमसंग भारत में वॉल्यूम के मामले में नं. 1 5जी स्मार्टफोन निर्माता था।'' गैलेक्सी ए54 5जी और गैलेक्सी ए34 5जी में फ्लोटिंग कैमरा सेटअप और मैटल कैमरा डेको है, जो डिवाईस के रंग के अनुरूप है। गैलेक्सी ए54 5जी में ग्लास बैक है, जो इसे प्रीमियम लुक और फील देता है। गैलेक्सी ए54 5जी और गैलेक्सी ए34 5जी आईपी 67 रेटिंग के साथ स्पिल एवं स्प्लैश रज़िस्टैंस प्रदान करते हैं, यानि ये 1 मीटर ताजा जल में 30 मिनट तक सुरक्षित रह सकते हैं। ये डस्ट और धूल के लिए भी रज़िस्टैंट हैं। दोनों डिवाईसेज़ के डिस्प्ले में कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास 5 की सुरक्षा है। इसलिए स्क्रैच और ड्रॉप के लिए बेहतर सुरक्षा मिलती है। गैलेक्सी ए54 5जी बैक पैनल पर भी गोरिल्ला ग्लास 5 की सुरक्षा के साथ आता है। गैलेक्सी ए54 5जी में 50 मेगापिक्सल ओआईएस प्राईमरी लैंस और 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाईड लैंस है, जबकि 34 5जी में 48 मेगापिक्सल का ओआईएस प्राईमरी लैंस और 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाईड लैंस है। दोनों मॉडलों में 5 मेगापिक्सल का मैक्रो लैंस है। इन डिवाईसेज़ में फ्लैगशिप 'नाईटोग्राफी' फीचर है, जो ग्राहकों को कम रोशनी में ज्यादा ब्राईट और शार्प फोटो एवं वीडियो लेने में मदद करते हैं। इन फोन में ऑटो नाईट मोड है, जो कम रोशनी में अनुकूलित हो जाता है।

# इन्फिनिक्स ने लॉन्च किया हॉट 30आई

नई दिल्ली, एजेंसी। वो दिन बीत गए जब कम बजट का स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों को क्वालिटी, स्टोरेज क्षमता या फिर स्मार्टफोन की खूबसूरती के मामले में मन को मारना पड़ता था। इन्फिनिक्स की नई विशेषताओं से भरपूर हॉट सीरीज, हॉट 30आई सभी अपेक्षाओं को पीछे छोड़ देगी इन्फिनिक्स की यह गेम-चेंजिंग डिवाईस मल्टी-टास्किंग के लिए सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसमें आकर्षक रूप के साथ दोगुनी मैमोरी है लॉन्च के दिन 8,999 रु. के विशेष मूल्य में 16 जीबी की एक्सपैंडेबल मैमोरी, 128जीबी की स्टोरेज, प्रीमियम डायमंड पैटर्न डिजाईन, शक्तिशाली बैटरी और 50 मेगापिक्सल के ड्युअल एआई कैमरा एवं बेहतर सुरक्षा के साथ हॉट 30आई स्मार्टफोन्सकाबापहै। यह डिवाईस 4 रंगों ग्लेशियर ब्लू, मिरर ब्लैक, और डायमंड व्हाईट में प्रीमियम-ग्लास फिनिश और मैरीगोल्ड में लैदर लाईक डिजाईन में उपलब्ध है।अनीष कपूर सीईओ इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा इन्फिनिक्स में हमारा ध्यान हर नए स्मार्टफोन के साथ उपयोगी इनोवेशंस द्वारा यूजर्स का अनुभव बेहतर बनाने पर है अपनी हॉट सीरीज में हमने फुली-लोडेड किफायती डिवाईसेज की श्रृंखला का विकास किया है जिसमें अनेक अतिरिक्त विशेषताएं हैं इस सीरीज में हमारे द्वारा लॉन्च की गई हर नई डिवाईस में फिर्स्ट विशेषताएं प्रदान की जाती हैं लेकिन हॉट 30आई में हम इनोवेशन को और ज्यादा बेहतर बना रहे हैं यह डिवाईस किफायत पसंद स्मार्टफोन यूजर्स की सभी अपेक्षाओं से बेहतर है यह उनके लिए श्रेष्ठ है जो अपने स्मार्टफोन को अपग्रेड तो करना चाहते हैं पर 10,000 रु. से कम के मूल्यवर्ग में




अच्छे विकल्पों की कमी के कारण ऐसा करने में असमर्थ हैं हॉट 30आई न केवल दोगुनी रैम के साथ आता है बल्कि यह मल्टीटास्किंग को आसान बना देता है और प्रीमियम टच के साथ लुक्स शानदार बैटरी सपोर्ट, स्मूथ डिस्प्ले और मल्टीफंक्शनल साईड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर जैसी अनेक विशेषताएं भी प्रदान करता है। इतने किफायती मूल्य में इन बेहतरीन विशेषताओं के साथ शानदार फंक्शनलिटी और लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी के कारण हॉट 30आई स्मार्टफोन्स का बाप है। फुली लोडेड हॉट 30आई में इन्फिनिक्स मेमफ्यूजन टेक्नॉलॉजी है जो फिजिकल 8जीबी रैम में 8जीबी की अतिरिक्त वर्चुअल मैमारी जोड़कर इसे 16 जीबी रैम बना देती है। इसलिए यूजर्स तेज बूटिंग के साथ राजा की तरह मल्टीटास्क करने में समर्थ बनते हैं और एक साथ 18 से ज्यादा ऐप्स चलाते हुए भी उनके बीच सुगमता से स्विच कर पाते हैं हॉट 30आई में ट्रिपल कार्ड स्लॉट है जिसमें दो सिम कार्ड हैं और एक समर्पित मैमोरी कार्ड स्लॉट है जो डिवाईस की 128जीबी मैमोरी को 1 टीबी तक बढ़ सकती है।

# सुरखी ने फिर एक बार रचा सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट का विश्व कीर्तिमान

## आकाश सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा वासियों का हृदय से किया आभार व्यक्त, सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हर प्रतिभा को मंच देना हमारा लक्ष्य : राजपूत

भोपाल। विगत रविवार को सुरखी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे ढ़ाई माह से अधिक समय से क्रिकेट टूर्नामेंट का राहतगढ़ के सरदार बल्लभ भाई स्टेडियम में समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में 609 टीमें तथा 10,000 से अधिक खिलाड़ी एवं समिति के सदस्य शामिल रहे जो एक विश्व कीर्तिमान बना, जिसको लेकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में यह टूर्नामेंट दर्ज किया गया। गौरतलब है कि इससे पहले सुरखी विधानसभा क्षेत्र ने ही सबसे बड़े टूर्नामेंट का विश्व कीर्तिमान रचा था। इस टूर्नामेंट में खुद का ही रिकार्ड तोड़कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। इस भव्य और बड़े आयोजन को लेकर टूर्नामेंट के आयोजक आकाश सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें एवं उनका आभार व्यक्त करते हुये कहा कि विश्व पटल पर फिर एक बार सुरखी विधानसभा क्षेत्र का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है, जिसका श्रेय सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर व्यक्ति को जाता है। जिनकी मेहनत और लगन के कारण हम एक बार फिर विश्व रिकार्ड बना पाये




हैं। आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि इस आयोजन में खिलाड़ी, एम्पायर, समिति के सदस्य, पुलिस, प्रशासन तथा प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से जिन लोगों का भी सहयोग रहा है मैं उन सब को धन्यवाद देता हूं तथा उन सबका हृदय से आभारी हूँ।

आकाश सिंह राजपूत ने ये वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन द्वारा दिये गये गोल्ड मेंडल टीम ए.जी.आर. को समर्पित करते हुये कहा कि जो दिन रात इस टूर्नामेंट में मेहनत करते रहे है, फिर चाहे वह खिलाड़ियों को पानी देने की सेवा हो या चाय पिलाने वाली हमारी टीम के लोग हों। टीम ए.जी.आर. ने जो मेहनत की है उसके लिये में उन सभी के लिये हृदय की गहराई से प्रणाम करता हूँ एवं उनके इस समर्पण भाव के लिये मैं उनका हमेशा

## सुरखी में होनहार प्रतिभाशाली युवाओं की कमी नहीं : राजपूत

इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि सुरखीवासियों ने एक बार फिर विश्व पटल पर अपना झंडा फहरा दिया जिसके लिये सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें एवं धन्यवाद। श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में होनहार प्रतिभाशाली युवाओं की कमी नहीं है। क्रिकेट महाकुंभ के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि गांव-गांव से होनहार प्रतिभाओं के लिये मंच दिया जा सके और हमारा यह प्रयास सफलता की ओर अग्रसर है। 9500 से अधिक खिलाड़ियों ने इस महाकुंभ में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। मैं आशा करता हूं कि यह खिलाड़ी प्रदेश और देश में जाकर अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे और हमारे सुरखी विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि हमारे क्षेत्र की हर प्रतिभा के लिये हम मंच प्रदान करें ताकि वह आगे बढ़ सकें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि विश्व कीर्तिमान रचना आसान काम नहीं है। दिन रात मेहनत का नतीजा है कि एक बार फिर सुरखी विधानसभा क्षेत्र का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुआ है। श्री राजपूत ने कहा कि छोटे से आयोजन में ही कई समस्यायें आती हैं लेकिन ढ़ाई महीने से अधिक चल रहे इस क्रिकेट महाकुंभ में कोई परेशानी नहीं आई सभी लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और हजारों खिलाड़ियों ने ग्राऊंड पर अपने बल्ले के जोहर दिखाये तो किसी ने गेंदबाजी का लोहा मनवाया। यह भव्य आयोजन सभी के प्रयासों से विश्व कीर्तिमान रच पाया है जिसके लिये सभी लोग बधाई के पात्र हैं। श्री राजपूत ने आग्रह किया कि राजघाट पर नेपाली बाबा के सानिध्य में होने वाले श्री सीताराम नाम जप 1008 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहाब है जिसमें आप सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस विश्व कल्याण के लिये आयोजित महायज्ञ से धर्मलाभ अर्जित करें।

## प्रदीप चौरसिया राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुधीर चौरसिया महासिचव दिलीप चौरसिया कोषाध्यक्ष

### अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये




**छिंदवाड़ा ।** अखिल भारतीय चौरसिया महासभा (कोलकत्ता) के चुनाव में प्रदीप चौरसिया राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुधीर चौरसिया राष्ट्रीय,महासचिव एवं दिलीप चौरसिया राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये। इन पदाधिकारियो का कार्यकाल 2023से 2026 तक रहेगा। प्रदीप चौरसिया एवं सुधीर चौरसिया बनारस के एवं दिलीप चौरसिया गाजियाबाद के है। पूर्व राष्ट्र अध्यक्ष आनन्द चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश चौरसिया, महासचिव टी.एन.चौरसिया सहित सभी पदाधिकारियों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है। 22 अप्रैल को हाजीपूर बिहार में राष्ट्रीय कार्यक्रम को आयोजन किया गया है।

## पैन-आधार को लिंक करने की आखिरी तारीख 30 जून, तक बढ़ा दी गई

**छिंदवाड़ा ।** भारत सरकार वित्त मंत्रित्व राजस्व विभाग केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा पैनकार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की आखरी तारीख 31 मार्च, 2023 थी जिसे अब 30 जून, 2023 तक बढ़ा दी गई है करदाताओं को कुछ और समय प्रदान करने के लिए, पैन और आधार को जोड़ने की तारीख को 30 जून, 2023 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे व्यक्ति अपने आधार को आधार-पैन लिंकिंग के लिए 1,000 रुपये के शुल्क के भुगतान के साथ लिंक करा सकते है।

## सड़क पर खड़े वाहनों से बाधित हो रही आवाजाही

**छिन्दवाड़ा।** शहर के परासिया रोड पर खड़े वाहनों से आवाजाही बाधित हो रही है। वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से खड़े किये जाने की मांग को लेकर आज कांग्रेस सेवादल का प्रतिनिधि मण्डल पुलिस अधीक्षक से मिला। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि परासिया रोड पर परतला से लेकर इंदिरा गांधी तिराहा तक सड़क के दोनों हिस्सों में वाहन सड़क पर बेतरतीब खड़े रहते हैं जिससे आवागमन बाधित होता है साथ ही अनेकों बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। सड़क पर खड़े वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बढ़ जाता है। पुलिस अधीक्षक से भेंट कर व्यवस्था बनाने की मांग की है।

## श्रीराम नवमी एवं महावीर जन्मकल्याणक पर बंद रहेंगे प्रदेश के समस्त पशुवधगृह

### अहिंसा प्रेमियों ने की जीव दया की अपील

**छिन्दवाड़ा ।** कल चैत्र शुक्ल नवमीं गुरुवार 30 मार्च के शुभ दिन सकल अहिंसा प्रेमी समाज मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्रजी का मंगलकारी जन्म दिवस एवं चैत्र सुदि तेरस सोमवार 3 अप्रैल को अहिंसा के प्रणेता एवं जियो ओर जीने दो के उदघोषक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2622 वां मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश सयोंजक दीपकराज जैन ने बताया कि इन दोनों भगवंतों के मंगलकारी जन्मोत्सव पर अहिंसा धर्म का पालन करते हुए धर्म नगरी छिन्दवाड़ा सहित संम्पूर्ण प्रदेश के समस्त पशुवधगृह एवं मांस, मछली आदि की दुकानें पूर्णता बंद रहेगी यह आदेश मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है। जिसके परिपालन में नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा ने भी निगम क्षेत्र की सीमा में स्थित समस्त मांस, मटन, मुर्गी, मछली आदि किसी भी जीव की हिंसा अथवा उनकी बिक्री पर पूर्णता बंद रहेगी यह आदेश जारी किया है।

## महिला ने शरीर पर की 9 कलश की स्थापना की



**छिंदवाड़ा ।** बोहता में रहने वाली सविता मालवी ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अपने शरीर में माता रानी की भक्ति करते हुए 9 कलश की स्थापना की है। बता दें कि पिछले दिनों सविता मालवी चैत्र नवरात्रि की शुरुआत में ओम की आकृति माथे में उभरने के कारण सुर्खियों में आई थी। सविता मालवी संतोषी माता की भक्त है। प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र में उनके द्वारा माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसी क्रम में इस बार उन्होंने अपने शरीर पर 9 कलश की स्थापना की है।

## दो बाइकों की टक्कर से 4 गंभीर रूप से घायल, छिंदवाड़ा रेफर



**अमरवाड़ा ।** नगर के समीपस्थ ग्राम थावरी के पास सरपट सड़क पर दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर से दोनों बाइक में बैठे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें हंड्रेड डायल और 108 की मदद से अमरवाड़ा अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानू पिपरिया निवासी सुरेश सराठी उम्र 55 साल एवं अजब सिंह उम्र 35 साल अमरवाड़ा से अपने ग्राम की ओर जा रहे थे। जबकि दूसरी तरफ मुकेश उईके उम्र 28 साल,परसादी उम्र 40 वर्ष शारदा माता मंदिर से पूजा करके अमरवाड़ा की ओर आ रहे थे। तभी थावरी ग्राम के पास बाइकों में आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें मानू पिपरिया निवासी दोनों ग्रामीणों को पैर और सर पर गंभीर चोटें आई है,तो वहीं अमरवाड़ा अस्पताल में औपचारिक इलाज के बाद चारों घायलों को छिंदवाड़ा रेफर किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों में से कुछ लोगों ने शराब का सेवन भी किया

# रामनवमी पर्व भव्यता से मनाया जायेगा

### रामनवमी पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक

### छोटा तालाब में रहेगी कलश एवं जवारों के विसर्जन की व्यवस्था





**छिन्दवाड़ा ।** आगामी 30 मार्च को रामनवमी पर्व भव्यता से मनाया जायेगा। रामनवमी पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने के दृष्टिगत विचार विमर्श के लिये कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। उपस्थित सभी सदस्यों से चर्चा एवं विचार विमर्श के उपरांत प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व पूर्व परंपराओं के अनुरूप शांतिपूर्वक तथा आपसी भाईचारे की भावना के साथ मनाये जाने की अपील की गई जिससे आम पब्लिक को परेशानी न हो। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का पूर्ण रूप से पालन करने की अपेक्षा की गई है । बैठक में नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके, एडीएम श्री ओ.पी.सनोडिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव उईके, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री अतुल सिंह व सीएसपी श्री अमन मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, समिति के सदस्यगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। रामनवमी पर्व के दौरान निकाली जाने वाली रैली की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जायेगी। बैठक में बताया गया कि 30 मार्च 2023 को रामनवमी पर्व के दिन दादा धूनीवाले बाबाजी के दरबार से मोटर साईकिल रैली दोपहर लगभग 12 बजे से प्रारंभ होकर विभिन्न रूटों से होते हुये शाम 4 बजे समाप्त होगी । बडी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर से जवारे एवं कलश यात्रा का कार्यक्रम दोपहर लगभग 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम लगभग 5 बजे तक किया जायेगा। रामनवमी की पूर्व संध्या 29 मार्च को मानसरोवर बस स्टैण्ड में आतिशबाजी होगी। जवारे एवं कलश का विसर्जन स्थल छोटा तालाब रहेगा, वहां पानी की व्यवस्था रहेगी। राममंदिर से संचालित झांकियों की शोभा यात्रा शाम 6 बजे से निकाली जायेगी। नवरात्रि पर्व में 31 मार्च तथा एक अप्रैल को भी जवारे एवं कलश विसर्जन का कार्यक्रम परम्परागत रूप से मनाया जायेगा। जुलूस में निकाले जाने वाले अखाड़ों में धारदार हथियारों के प्रदर्शन तथा उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा जुलूस में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जायेगी। रामनवमी के दिन मोटर साईकिल रैली, जवारे जुलूस (कलश यात्रा), चलित झांकियों की शोभा यात्रा आदि सभी कार्यक्रम के आयोजन एवं जुलूस मार्गों के संबंध में आयोजक समितियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी छिन्दवाडा को अवगत कराते हुये पूर्व अनुमति लिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। रामनवमी के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा रथ यात्रा एवं अन्य यात्रा निकाले जाने की बात रखी गई।

**साफ-सफाई की व्यवस्था-** रामनवमी पर्व के आयोजन स्थल एवं पर्व के दिन निकाले जाने वाले जुलूस मार्ग के क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, टैंकर के माध्यम से शुध्द पेयजल की व्यवस्था नगरपालिक निगम छिंदवाडा द्वारा की जायेगी। इसी प्रकार जवारे विसर्जन स्थल पर लाईट, पेयजल एवं साफ-सफाई के संबंध में नगरपालिक निगम के अधिकारी को निर्देशित किया गया है। सागरपेशा के पास आने-जाने हेतु रास्ता बनाये जाने एवं सड़क के पास हुये अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। पर्व के दौरान शुध्द एवं साफ प्रसाद का वितरण होना सुनिश्चित करने की बात कही गई । प्रसाद की गुणवत्ता की जांच के लिये सैम्पलिंग लिये जाने के निर्देश खाद्य निरीक्षक को दिये गये । पेप्सी, सड़ी गली सब्जी एवं बर्फ की प्रोसेसिंग कहां के पानी से हो रही है, इसकी भी सैम्पलिंग लगातार करने के लिये निर्देशित किया गया। भंडारे में डिस्पोजल/पॉलीथिन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में बताया गया कि 24 मार्च से रमजान माह प्रारंभ हो गया है, इस दौरान मस्जिदों की साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये।

**यातायात व्यवस्था**

रामनवमी पर्व पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से मोटर साईकल रैली, जवारे जुलूस (कलश यात्रा), चलित झांकिया (शोभा यात्रा) आदि में अत्यधिक मात्रा में भीड होने की संभावना के दृष्टिगत जवारे एवं कलश विसर्जन स्थल छोटा तालाब, कुलबेहरा में साफ-सफाई, रोशनी एवं गोताखोरों की व्यवस्था के लिये संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिये फव्वारा चौक से छोटा तालाब तक फोर व्हीलर वाहन प्रतिबंधित करने हेतु यातायात अधिकारी तथा संबधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। रैली के रूट में मटेरियल, रोड पर वाहन ना हो, समुचित बेरिकेट की व्यवस्था आदि के लिए निर्देश दिये गये ।ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रहेगा प्रतिबंध- बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लाउडस्पीकर का उपयोग अत्यन्त धीमी गति से किया जाये । लोहे के पाइप में झंडा न लगाया जाए एवं डीजे वाहन के ऊपर किसी को भी चढ़ने ना दिया जाए। लाउडस्पीकर के उपयोग के लिये अनुविभागीय अधिकारी से नियमानुसार अनुमति लिया जाना आवश्यक है।चिकित्सा एवं फायर ब्रिगेड व्यवस्थाङ्क बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये गये कि रामनवमी पर्व के दिन सिविल अस्पताल में आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी स्टाफ सहित दवाईयों के साथ लगायें। बैठक में रामनवमी पर्व के दिन निकाले जाने वाले जुलूस के माध्यम से शोभा यात्रा एवं अखाड़ों में भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम, मोबाइल वाहन तथा विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पुलिस अधिकारियों के सहयोग एवं समन्वय के लिये पर्याप्त संख्या में संबंधित की ड्युटी लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त जिले के जामसांवली, हिंगलाज मंदिर, कपुरदा, सालीवाड़ा शारदा, कोसमी, सिमरिया हनुमान मंदिर आदि में भी श्रध्दालुओं की भीड़ होने के कारण आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित एसडीएम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, तहसीलदार एव स्थानीय मंदिर समिति को दिये गये।

## बड़ी रेल लाइन के विद्युतीकरण के बजाय दोहरीकरण बोल गये अमित शाह

### इस मार्ग से हो रही रेल्वे को करोड़ों की कमाई, दोहरीकरण की भी आवश्यकता





**छिंदवाड़ा ।** केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने आम सभा में छिंदवाड़ा-नागपुर छिंदवाड़ा-मण्डला बड़ी रेल लाईन दोहरीकरण की बात कही थी जबकि रेल लाईन का दोहरी करण न होकर विद्युतिकरण हुआ। नागपुर-मण्डल के अलावा अन्य मण्डलो के विद्युतिकरण के कार्यो का आदेश प्रधानमंत्री द्वारा दिया था, जिसके तहत नागपुर मण्डल में शत्प्रतिशत विद्युतिकरण हुआ है। जबलपुर-छिंदवाड़ा-गोदिया-नागपुर बड़ी रेल लाईन के बनने से रेल्वे को 250 किला मीटर की बचत हो रही है।

इन लाईनों पर प्रतिदिन लगभग 40-50 माल गाड़ियां प्रतिदिन चल रही है, इन मार्गो पर रेल लाईन एक ही है, इसलिए आवागमन में रेल्वे को काफी कठिनाईयां हो रही है, जबकि रेल्वे की माल भाड़े की कमाई करोड़ों में है। चुंकि गृहमंत्री ने गलतफमी में कह दिया कि दोहरीकरण हुआ है, किन्तु उन्हे अबइस बात की पहल स्वयं करनी चाहिये कि जबलपुर-गोंदिया, छिंदवाड़ा-नैनपुर-आमला का दोहरीकरण होना चाहिये।

सिवनी- बालाघाट के सांसद डॉ. ढालसिंग बिसेन न बताया कि वे रेल्वे से मांग कर रहे है कि इन मार्गो का दोहरीकरण किया जावे। छिंदवाड़ा-नागपुर बड़ी रेल लाईन पर ट्रेने प्रारम्भ हो गई है, जबकि छिंदवाड़ा-नैनपुर-मंडला रेल लाईन पर रेल गाड़ियां प्रारम्भ करने का इन्तजार है। बातया जाता है 7 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विद्युतिकरण का वजुर्अल उद्घाटन कर सकते है और सिवनी रेल्वे स्टेशन का रेल राज्यमंत्री, फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रहलाद पटेल, ढालसिंग बिसेन एवं अन्य जनप्रतिनिधी उद्घाटन करेंगे, अन्य ट्रेनों का संचालन होगा।

## इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा टेनिस प्रतियोगिता 3 से 8 अप्रैल तक

**छिंदवाड़ा ।** हमारे छिन्दवाड़ा जिले के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा दिनांक 03 अप्रैल से 08 अप्रैल 2023 तक ITF World Tennis Masters Tour MT100 Tournament का आयोजन प्लेटो क्लब छिन्दवाड़ा को मिला है जिसमें भारत वर्ष के साथ-साथ विश्व के सभी टेनिस खिलाड़ी भाग ले रहे है यह प्रतियोगिता उपरोक्त तिथी पर बड़वन में स्थित प्लेटो क्लब (जिसकी स्थापना सन् 1919 में हुई थी) आयोजित होने जा रही है। आयोजन हेतु क्लब का प्रत्येक सदस्य अति उत्साहित है। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन वर्ल्ड टेनिस व्हील चेयर टेनिस और बीच टेनिस की गर्वनिंग बॉडी है। जिसकी स्थापना सन् 1913 में 12 देशों के नेशनल टेनिस एसोसियशन के द्वारा की गई थी। सन् 2016 के आंकडो के अनुसार अब तक 211 देश और 06 रीजिनल एसोसियशन को इसकी सदस्यता प्राप्त है। आयोजन समिति में क्लब के अध्यक्ष गुरजीत सिंह बेदी के मार्गदर्शन में क्लब के सचिव राजकुमार तनेजा टूर्नामेंट डायरेक्टर मिलिंद मनगटे, टूर्नामेंट क्क्ाडिनेटर करमजीत सिंह परमार टूर्नामेंट सचिव कमल कुमार अहिल्या के कधों पर है। जिले के टेनिस खिलाडियो ने इस प्रतियोगिता के सफल होने की शुभकामनाये प्रेषित की है।



## रासेयो स्वयं सेवको ने श्रमदान कर किया जल संरक्षण के लिए जागरूक




**छिंदवाड़ा ।** गांव का पानी गांव में ,गांव की मिट्टी गांव में नारे लगाते हुए ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष सात दिवसीय शिविर चौथे दिन रासेयो स्वयं सेवको ने श्रमदान से लोगो का दिल जीता ।अलग अलग दलों ने शिविर नायक एवम उपनायक अपनी अपनी टोली बनाकर ग्राम खजरी,कृष्णा नगर,शिक्षक नगर ,गाडरी ढाना , ढीमराढाना ,लोहारढाना में श्रमदान कर साफ सफाई एवम सोकपीट ,नालियों की सफाई की इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी ने अपने साथ सभी स्वयं सेवको को जल संरक्षण के लिए लोगो को घरों घर दस्तक देकर जागरूक किया ।बौद्धिक चर्चा में समाजसेवी सी.के. विश्वकर्मा ने सभी स्वयंसेवको को लाडली बहना योजना के लिए पात्रता संबधी जानकारी प्रदान की । शिविर में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर रासेयो सहायक मनोज विश्वकर्मा शिक्षिका श्रीमती नीता स्वामी,श्रीमती उमा उईके,सुश्री साधना धुर्वे,निधि रजक, सहित बड़ी संख्या ने ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने सिवनी मंदिर से सारना रोड का शिव मंदिर के सामने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

**छिंदवाड़ा ।** भाजपा ने छिंदवाडा में विकास की नई इबारत लिख दी है। विकास कार्यो की झड़ीलगा दी है । मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जी के नेतृत्व में छिंदवाडा में भाजपा ने सड़क नाली, बिजली पानी की बेहतरी के लिए हर सम्भव कार्य किये है। 2003 के पहले छिंदवाडा और मध्यप्रदेश बीमारू जिला और राज्य था। भाजपा की सरकार ने के बाद विकास कार्य शुरू हुए और छिंदवाडा मॉडल बना। उक्त बात भाजपा जिलाध्यक्ष ने भूमिपूजन के दौरान कही। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने सिवनी मंदिर के पास शिव मंदिर के सामने रोड का भूमिपूजन किया । जिसमें कल से सड़क का काम युद्धस्तर पर चालू रहेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सड़क निर्माण के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ने चर्चा की थी भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के प्रयासों से 1 कि.मी. की सड़क 60 लाख रूपये की लागत से बनने जा रही है । जिससे लोगों को आवागमन में लाभ मिलेगा । सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ वयोवृद्ध नेता डॉ. रमेश उसरेठे, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री अलकेश साव, सारना मंडल महामंत्री रूपसिंह पटेल, दीपक कुर्मी, सरपंच श्रीराम यादव, उपसरपंच वितेन्द्र राजपूत, उमेश पटेल, निमेश पटेल, नितेश पटेल, अनुज चौधरी, सौरभ सक्सेना, शिवम डेहरिया, शुभम चौधरी, नंदकिशोर सरवैया, शिवप्रसाद पटेल, पुरूषोत्तम उसरेठे, अमित सल्लाम, नरेश ठाकुर, इन्द्रसेन ठाकुर, अविनाश पटेल, पवन रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, ग्रामवासी एवं मातृशक्ति भी भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित रही ।

## महिलाओं को रोजगार से जोड़ने मिल रही स्टोरी ट्रेलर की ट्रेनिंग

**छिन्दवाड़ा ।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए आज तामिया में स्टोरी टेलर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। पातालकोट इंफर्मेशन सेंटर में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत मां सरस्वती का पूजन करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया जिसमें इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा 15 महिलाओं को स्टोरी टेलर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इन 15 युवतियों का चयन स्टोरी टेलर की ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनने के लिये किया गया है।

## गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, फसल क्षति का मुआवजा दिलाने मांग की

### कलेक्ट्रेट में सुनी गई 350 आवेदकों की समस्याएं

**छिन्दवाड़ा ।** आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 350 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये जिनकी उन्होंने पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने समक्ष में बैठाकर सुनवाई की। जनसुनवाई में मुख्य रूप से गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, फसल क्षति का मुआवजा दिलाने, सीमाकंन व बंटवारा करने, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, सड़क निर्माण करने, भूमि का कब्जा दिलाने, आवासीय पट्टा प्रदाय करने, आर्थिक सहायता व अनुग्रह राशि दिलाने, पेंशन दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी ।




कलेक्टर श्रीमती पटले ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया । जनसुनवाई कार्यक्रम में छिंदवाड़ा नगर की श्रीमती लता जुनुनकर ने पति की मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, श्रीमती मानसी वर्मा ने बी.पी.एल.राशन कार्ड बनाने, श्रीमती सायत्री श्रीवास ने गरीबी रेखा में नाम जोड़ने व श्रीमती रोशनी बांधे ने मतदाता परिचय पत्र में पति का नाम सुधारने, ग्राम गोपालपुर के शुभम शर्मा ने बिना किसी सूचना के बंटवारे से नाम हटाने पर कार्यवाही करने, ईमलीखेड़ा के श्री द्वारका प्रसाद माहोरे ने गेहूं फसल की क्षति होने पर मुआवजा दिलाने, ग्राम सोनपुर के जयराम यादव ने भूमि का सीमांकन करने, ग्राम मंडुआ के अनिल वर्मा ने तीनपहिया मोटर साईकिल दिलाने, ग्राम खैरीमाली के श्री हरिराम साहू ने बैटरी वाली साईकिल दिलाने, ग्राम खुनाझिरखुर्द के ग्रामवासियों ने बिजली की आपूर्ति कराने, ग्राम कुकुरमुंडा के दिव्यांग ललन उसरेठे ने डिजिटल कान की मशीन दिलाने, ग्राम रावढाना की श्रीमती छोटीबाई सूर्यवंशी ने पति के वेतन से आधा वेतन दिलाने, अमरवाड़ा की सुश्री सुनीता पंद्राम ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति दिलाने, ग्राम रोहनाढाना के श्री रामनरेश चंद्रवंशी ने राशन दिलाने, गांगीवाड़ा की श्रीमती निर्मिला बट्टी ने पट्टा दिलाने, ग्राम चरई के श्री नारायण यदुवंशी ने निजी भूमि पर बनाये जा रहे अवैध मकान निर्माण को हटाने, चांदामेटा नगर के व्यापारी मंडल के व्यापारियों ने जर्जर विद्युत पोल हटाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर श्री अजीत तिर्की सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुये।

## सारना एवं लिंगा विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान

**छिन्दवाड़ा28 मार्च( जनपक्ष )।** राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारना व लिंगा में कॉलेज चलो अभियान संचालित किया गया । अभियान के दौरान उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न जानकारियां जैसे महाविद्यालय में प्रवेश, छात्रवृत्ति, आवास व छात्रावास संबंधी और नई शिक्षा नीति 2020 की विस्तार से जानकारी दी गई । शासकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.पी.आर.चंदेलकर ने बताया कि दोनों विद्यालयों में कालेज चले अभियान के प्रभारी डॉ.लक्ष्मीकांत चंदेला व डॉ.सुरेंद्र कुमार झारिया द्वारा बनगांव विद्यालय के व्याख्याता व जीवन कौशल शिक्षा के मास्टर ट्रेनर श्री कमलेश चौरासे की उपस्थिति में 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन, व्यवस्थायें, शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियां और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों को संदर्भित करके जानकारी दी गई। अभियान में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षण स्टाफ और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की ।

## वैदिक जी एवं अभय जी दोनों ही हिन्दी पत्रकारिता की थी महान हस्तियां थी

**गोविन्द चौरसिया**





**छिंदवाड़ा ।** विगत दिनों हिन्दी पत्रकारिता की दो महान हस्तियां वेदप्रकाश वैदिक जी एवं अभय छजलानी जी हमारे बीच नहीं रहे। वैदिक जी के लेख आये दिन हम पढ़ते ही रहते थे, वैदिक जी दो बार छिंदवाड़ा हिन्दी प्रचारिणी के कार्यक्रम में आये तब मेरा उनसे परिचय हुआ, हमारे वरिष्ठ पत्रकार साथी शिवनारायण शर्मा के वे पूर्व परिचित थे। वैदिक जी हमारे साथ पातालकोट घूमने गये एवं नीचे गांव में भी उतरे वहां पर हम सबने मक्के की रोटी, टमाटर की चटनी का स्वाद लिया। जिसे एक आदिवासी परिवार ने बनाया था। वैदिक जी के लेख आज भी प्रसांगिक है, उनके सुझावों को सरकार भी मानती थी। वे आज हमारे बीच नहीं है। किन्तु उनकी यादे हमेशा बनी रहेगी।

अभय छजलानी जी भी आज हमारे बीच नहीं है, हिन्दी पत्रकारिता को उन्होने सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाया। मेरा नई दुनिया से थोड़े दिनो के लिए सम्पर्क था, तब पत्र व्यवहार उनसे होते रहते थे, वे सभी पत्रों का टाईप किया अन्तर्देशीय पत्र भेजते थे। मेरा टेबिल टेनिस से संबंध है, इस नाते मेरी उनसे इन्दौर में एक मुलाकात हुई थी। छिंदवाड़ा में मेरे मित्र कैलाश पाटनी लम्बे समय तक नईदुनिया के प्रतिनिधी रहे, मैने पत्रकारिता का बहुत कुछ नईदुनिया से सीखी है। नईदुनिया में समाचारों को पूरा पढ़ कर उनमें हेडिंग निकालना मैने नईदुनिया से सीखा, जबकि बहुत से लोग या आज के समय में सीधे जो हेडिंग आया उसे ही बनाकर दे देते हैं। पहले प्रशासन और सरकार पर समाचारों को बहुत असर होता था।

अखबार की दुनिया जिसमें हिन्दी पत्रकारिता में वेद प्रकाश वैदिक जी एवं अभय छजलानी जी बहुत बड़ी हस्तियां थी, जो आज हमारे बीच नहीं है उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि ।

## बौद्ध विहारों से प्रसारित होता है मानव कल्याण का संदेश:चंद्रबोधि पाटील

### राजना में बुध्द विहार का उद्घाटन एवं बुध्द प्रतिमा का अनावरण सम्पन्न



**छिंदवाड़ा ।** आज सारा समाज, देश व विश्व भय भ्रम भूख से ग्रसित है । ऐसी विषम स्थिति में महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध व संविधान के शिल्पकार डॉ.बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की नितांत आवश्यकता है। भारतीय बौद्ध महासभा देश में स्थापित 35000 बुद्ध विहारों के माध्यम से भिक्षुओं और अम्बेडकरी बुद्धिजीवियों को साथ लेकर धम्म के आदर्शों, प.पु. डॉ. बाबासाहब सहित सभी बहुजन महापुरुषों के विचारों को अनवरत जन जन तक पहुँचाने का कार्य कर रही है। राजना के बंसोड परिवार द्वारा बुध्द विहार का निर्माण ,तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति स्थापना कर सही अर्थों में बुध्द धम्म एवं दान पारामिताओं को आगे बढाने का पुनीत कार्य किया है । उपरोक्त उदगार मध्यप्रदेश के ग्राम राजना में महाचंद्रबोधि बुध्द विहार का उद्घाटन एवं तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा अनावरण समारोह में भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष्मान चंद्रबोधि पाटील ने व्यक्त किये। समारोह का शुभारंभ भिक्षु भदंत धम्मसेन महाथेरो यनिकोणी,धम्म रक्षित महाथेरो,भन्ते सारिपुत्र एवं भिक्षु संघ द्वारा बुध्द वंदना,पंचशील ध्वजारोहण,जयभीम सलामी के साथ किया गया । मंच पर भिक्षु संघ,भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबोधि पाटील, कोषाध्यक्ष धम्मरतन सोमकुंवर, राष्ट्रीय महासचिव शंकरराव ढेंगरे,संगठक गौतम पाटील, प्रदेशाध्यक्ष बी.टी.गजभिये, प्रदेश महासचिव चिंतामन पगारे, समता सैनिक दल के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शेंडे,समारोह के आयोजक चंद्रप्रकाश बंसोड,,सफल सालवार आदि थे।कार्यक्रम में प्रमुखता से भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश सचिव(दक्षिण झोंन ) एड.रमेश लोखंडे, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहित्यकार एस.आर.शेंडे, बाबाराव चारे, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंदराव नारनवरे, मनोहर नारनवरे,चंद्रभान बागडे, जनार्दन लोखंडे, नरेन्द्र पाटील ( जिलाध्यक्ष ),अशोक डोंगरे, एड.विनोद धनराज, सुरेंद्र पाटील, रमेश रंगारे,गुलाब खोबरागड़े, मुकेश बागडे,सहित जिले व प्रदेश भर से भारी संख्या में धम्म उपासक व उपसिकायें मौजूद थे। आभार व्यक्त करते हुए आयोजक चंद्रप्रकाश बंसोड ने कहा कि,महाचंद्रबोधि बुध्द विहार से सम्पूर्ण क्षेत्र में तथागत गौतम बुद्ध व बाबासाहब के विचारों का प्रचार प्रसार होगा।भविष्य में यहां विपश्यना केंद्र की स्थापना होगी। कार्यक्रम का सफल संचालन समता सैनिक दल के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शेंडे जबलपुर ने की ।हरीश म्यूजिकल आर्केष्ट्रा ने बुद्ध भीम गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

# फौजी मेला













भोपाल में आज फौजी मेले का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव गृह डा. राजेश राजौरा, कलेक्टर अविनाश लवानिया आदि अधिकारियों के साथ ही सेना, एनसीसी के अधिकारी एवं एनसीसी कैडेट शामिल हुए। प्रदर्शनी में लगे अस्त्र, शस्त्र देखने के लिए एनसीसी के कैडेट, छात्र-छात्राएं एवं सामान्य लोग भी पहुंचे।



आज महिला बाल विकास की सीडीपीओ अधिकारी कर्मचारी महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार द्वारा उनकी बातें नहीं सुने जाने के कारण अंबेडकर मैदान से माता मंदिर तक कलश यात्रा निकालकर माता जी को ज्ञापन सौंपा।





भोपाल। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आज नवागत अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों ने पदभार ग्रहण किया।

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन

# निवेश को प्रोत्साहन आगे बढ़ते उद्यम



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

1450 एमएसएमई को ₹400 करोड़ की सब्सिडी का सिंगल क्लिक से अंतरण

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

29 मार्च, 2023 | पूर्वाह्न 11.45 बजे
समत्व, मुख्यमंत्री निवास, भोपाल



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

- वर्ष 2022-23 में 3 लाख 54 हजार से अधिक एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत एवं 14 लाख 40 हजार रोज़गार के अवसरों का सृजन।
- पिछले दो वर्ष में एमएसएमई के लिए सब्सिडी का बजट प्रावधान ₹ 161 करोड़ 92 लाख से बढ़कर हुआ ₹ 883 करोड़ 48 लाख।

- राज्य स्तरीय रोज़गार दिवसों के माध्यम से 44 लाख से अधिक युवाओं को ₹ 30 हजार करोड़ से अधिक के ऋण।
- नयी स्टार्टअप नीति 2022 लागू होने के मात्र 13 माह में 1000 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता।
- बेहतर अधोसंरचना वाले 83 क्लस्टर स्वीकृत/चिह्नित।

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी | D-11258/22 | आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023